# नेशनल प्रेस टाइम्स

नई दिल्ली, बुधवार
22 जनवरी 2025



राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

नई दिल्ली। (राष्ट्रीय संस्करण) वर्ष : 10, अंक : 325 www.nationalpresstimes.com पृष्ठ : 10 मूल्य : 05 रुपया RNI No : UPHIN/2015/64579


# पांच फरवरी को महाकुंभ आएंगे प्रधानमंत्री मोदी

## राष्ट्रपति-उपराष्ट्रपति और गृहमंत्री भी आएंगे

नई दिल्ली । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी महाकुंभ मेला 2025 का दौरा कर सकते हैं। उम्मीद है कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ भी संगम में पवित्र डुबकी लगाएंगे। नेताओं की सुचारू और सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करने के लिए प्रशासनिक और सुरक्षा तैयारियों को मजबूत किया जा रहा है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पांच फरवरी को महाकुंभ मेला 2025 का दौरा कर सकते हैं। वहीं, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह 27 जनवरी को मेले में शामिल होने वाले हैं। उम्मीद है कि एक फरवरी को उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ भी समारोह का हिस्सा बनेंगे। 27 जनवरी को गृहमंत्री अमित शाह अपने तय कार्यक्रम के मुताबिक महाकुंभ में हिस्सा लेंगे। वह संगम में पवित्र डुबकी लगाएंगे। गंगा पूजा करेंगे और अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे।



गृहमंत्री अमित शाह के दौरे को देखते हुए सुरक्षा एजेंसियों ने शहर के प्रमुख चौराहों और कार्यक्रम स्थलों पर विशेष निगरानी के साथ सतर्कता बढ़ा दी है। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ एक फरवरी को संगम में पवित्र डुबकी लगाने वाले हैं। भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के भी 10 फरवरी को प्रयागराज जाने की उम्मीद है। अपनी यात्रा के दौरान राष्ट्रपति के प्रमुख कार्यक्रमों में भाग लेने की उम्मीद है। इन नेताओं की सुचारू और सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करने के लिए प्रशासनिक और सुरक्षा तैयारियों को मजबूत किया जा रहा है।

इससे पहले मंगलवार को महाकुंभ मेले में श्रद्धालु जुटे, जबकि क्षेत्र में घना कोहरा छाया हुआ था। खराब मौसम की स्थिति का तीर्थयात्रियों की संख्या पर कोई असर नहीं पड़ा। आने वाले दिनों में तीर्थयात्रियों की संख्या बढ़ने की उम्मीद है, जिसमें चार प्रमुख शाही स्नान होंगे। शेष पेज 2 पर

## अब सीएम नीतीश के लिए बिहार चलाना असंभव हो चुका:तेजस्वी

पटना। तेजस्वी यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री थक चुके हैं और रिटायर्ड अधिकारियों के साथ बिहार चला रहे हैं। इन लोगों के पास ना कोई नया विजन है और ना ही नई सोच है कि कैसे बिहार को आगे लेकर जाएं?

बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री सह नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने फिर से सीएम नीतीश कुमार पर हमला बोला है। रोहतास में अपनी यात्रा के दौरान पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि अगर आप नीति आयोग की रिपोर्ट देखेंगे तो पाएंगे कि बिहार बेरोजगारी, गरीबी, पलायन आदि में अव्वल है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार लगभग 20 साल से बिहार को चला रहे हैं और केंद्र में भी भाजपा की सरकार है, लेकिन बिहार को विशेष राज्य का दर्जा नहीं दिला सके। नीतीश कुमार बोलते थे कि विशेष राज्य के दर्जे को लेकर पदयात्रा करेंगे जबकि मौजूदा समय में वे केंद्र में भी सरकार के साथ है। शेष पेज 2 पर

## मिल्कीपुर उपचुनाव: सीएम योगी 24 जनवरी को करेंगे बड़ी जनसभा

अयोध्या । मिल्कीपुर उपचुनाव में सीएम योगी आदित्यनाथ भाजपा प्रत्याशी के लिए 24 जनवरी को वोट मांगेंगे। सरकार के कई मंत्रियों को यहां चुनाव प्रचार की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 24 जनवरी को मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र में जनसभा को संबोधित करेंगे। हैरिंग्टनगंज के पलिया चौराहे पर सुबह दस बजे से जनसभा का आयोजन किया गया है। जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, जिलाध्यक्ष संजीव सिंह व ग्राम प्रधान अभिषेक सिंह ने जनसभा स्थल का निरीक्षण किया। जनसभा का संयोजक पूर्व विधायक गोरखनाथ बाबा को बनाया गया है। एक दिन पहले ही यह तय किया गया था कि भाजपा के 40 विधायक डोर टू डोर जनसंपर्क करेंगे।

जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री की जनसभा के लिए मंडल अध्यक्ष, प्रवासी और प्रभारी को जिम्मेदारी दी गई है। शेष पेज 2 पर



### 15 जनवरी से पूरे यूपी में चलेगा पॉलिटेक्निक चलो अभियान, प्रधानाचार्यों को जारी किए गए निर्देश

लखनऊ । 15 जनवरी से पूरे प्रदेश में पॉलिटेक्निक चलो अभियान प्रारंभ किया जाएगा। इस संबंध में निर्देश जारी कर दिए गए हैं।यूपी में 15 जनवरी से पूरे प्रदेश में पॉलिटेक्निक चलो अभियान प्रारंभ किया जाएगा। इस संबंध में प्रधानाचार्यों को जरूरी निर्देश दे दिए गए हैं। बता दें कि संयुक्त प्रवेश परीक्षा उत्तर प्रदेश, लखनऊ राज्य स्तर पर पॉलिटेक्निक संस्थाओं में प्रवेश हेतु अभ्यर्थियों के लिए संयुक्त प्रवेश परीक्षा का आयोजन करता है। इस परीक्षा को यूपीजेईई (उत्तर प्रदेश ज्वाइंट इंट्रेंस एक्जामिनेशन) भी कहा जाता है। इसके तहत डिप्लोमा इन इंजीनियरिंग, टेक्नोलॉजी, फामेर्सी और पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा में प्रवेश आमंत्रित किए जाते हैं। अब प्रदेश भर में पॉलिटेक्निक चलो अभियान प्रारंभ किया जाएगा।

शेष पेज 2 पर

## सबूतों से कर दी छेड़छाड़, ममता पर जमकर बरसे पीड़िता के पिता, कहा- अब आगे कुछ ना करें



पश्चिम बंगाल। पीड़िता के पिता ने पश्चिम बंगाल की सीएम की आलोचना करते हुए आरोप लगाया कि आरोपियों को उम्रकैद की सजा इसलिए मिली क्योंकि सीबीआई मामले में 'उचित सबूत' नहीं दे सकी। वह बहुत कुछ कह सकती हैं लेकिन उन्होंने केवल सबूतों के साथ छेड़छाड़ की। तत्कालीन सीपी और अन्य लोगों ने इसके साथ छेड़छाड़ की थी। क्या वह शुरू से यह सब नहीं देख सकती थी? हाई कोर्ट ने पश्चिम बंगाल सरकार की ओर से दायर चुनौती याचिका को स्वीकार कर लिया है।

कोलकाता के आरजी कर कॉलेज और अस्पताल में संजय रॉय द्वारा बलात्कार और हत्या की शिकार एक प्रशिक्षु डॉक्टर के पिता ने मंगलवार को मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की आलोचना की है। बता दें कि पश्चिम बंगाल सरकार ने सियालदह अदालत के आजीवन कारावास के फैसले को चुनौती देते हुए कलकत्ता उच्च न्यायालय का रुख किया है।

शेष पेज 2 पर

### अपने परिवार के साथ गौतम अडानी ने की पूजा और आरतीं

## मां गंगा के आशीर्वाद से बड़ा कुछ नहीं

अयोध्या। अदानी समूह ने दुनिया के सबसे बड़े धार्मिक आयोजन महाकुंभ में भक्तों को भोजन परोसने के लिए इस्कॉन के साथ साझेदारी की है, जो वर्तमान में उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में चल रहा है।

अडानी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अडानी आज दोपहर प्रयागराज में महाकुंभ मेले में पहुंचे। 62 वर्षीय अरबपति के साथ उनकी पत्नी प्रीति अडानी भी थीं। गौतम अदाणी ने अपने परिवार के साथ महाकुंभ मेले के दौरे के दौरान मंगलवार को प्रयागराज के त्रिवेणी संगम पर पूजा-अर्चना की और आरती की। अदानी समूह ने दुनिया के सबसे बड़े धार्मिक आयोजन महाकुंभ में भक्तों को भोजन परोसने के लिए इस्कॉन के साथ साझेदारी की है, जो वर्तमान में उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में चल रहा है।

अडानी को महाकुंभ में इस्कॉन मंदिर शिविर में देखा गया, जहां उन्होंने भोजन वितरित करने से पहले 'सेवा' की। अदानी समूह के अध्यक्ष ने पूजा पूरी करने के बाद कहा कि यहां प्रयागराज महाकुंभ में मुझे जो अनुभव हुआ है, वो अद्भुत है। यहां जो प्रबंधन है, मैं देशवासियों की तरफ से पीएम मोदी और सीएम योगी आदित्यनाथ को धन्यवाद देना चाहता हूं। यहां जो प्रबंधन है



- वह प्रबंधन संस्थानों के लिए शोध का विषय है। मेरे लिए मां गंगा के आशीर्वाद से बड़ा कुछ नहीं है।

इससे पहले, प्रयागराज पहुंचने पर, अदानी ने महाप्रसाद सेवा पहल में योगदान देने के लिए इंटरनेशनल सोसाइटी फॉर कृष्णा कॉन्शसनेस (इस्कॉन) से भी हाथ मिलाया। इस कार्यक्रम के तहत, पूरे मेले में भक्तों को भोजन परोसा जाएगा, जो 26 फरवरी, 2025 तक चलने वाला है। 9 जनवरी को, अदानी समूह और इस्कॉन ने महाकुंभ मेले में आने वाले बड़ी संख्या में भक्तों को मुफ्त भोजन प्रदान करने के लिए अपनी साझेदारी की घोषणा की। मेले के दौरान महाप्रसाद सेवा से 50 लाख श्रद्धालुओं को भोजन मिलने की उम्मीद है। भोजन मेला क्षेत्र के अंदर और बाहर स्थित दो रसोई घरों में तैयार किया जाएगा और पूरे मेले में 40 अलग-अलग स्थानों पर वितरित किया जाएगा।

## हमले के बाद पहली बार सामने आए सैफ, खुद चलकर मीडिया से मिलने आए; जताया आभार



मुबंई। बॉलीवुड एक्टर सैफ अली खान को अस्पताल से छुट्टी मिल गई है। चाकू से हमले की घटना के पांच दिन बाद उन्हें अस्पतला से छुट्टी मिल गई है।

बॉलीवुड एक्टर सैफ अली खान को चाकू से हुए हमले की घटना के करीब पांच दिन बाद अस्पताल से छुट्टी मिल गई है। आज मंगलवार 21 जनवरी को अभिनेता अपने घर लौट आए हैं। मालूम हो कि हमले के बाद वे उपचार के लिए लीलावती अस्पताल पहुंचे थे। करीब पांच दिन अस्पताल में रहने के बाद आज वे घर लौट आए हैं। अभिनेता की हालत में सुधार हो रहा है। अस्पताल से बाहर आकर सैफ अली खान ने फैंस और मीडिया का अभिवादन किया। उन्हें मुस्कुराता देख फैंस ने राहत की सांस ली है।

सैफ अली खान ने मुस्कुराकर हाथ हिलाते हुए फैंस और मीडिया का आभार जताया। सैफ अली खान पर 16 जनवरी की सुबह हमलावर ने चाकू से कई वार किए।

शेष पेज 2 पर

### उत्तराखंड में UCC को लेकर बोले असदुद्दीन ओवैसी

## आप केवल मुसलमानों की शादियां और तलाक रोक रहे

नई दिल्ली। ओवैसी ने आगे कहा कि आप यूनिफ्रॉम सिविल कोड की बात करते हैं, लेकिन अगर कोई हिंदू धर्म से किसी अन्य धर्म में परिवर्तन करना चाहता है, तो उसे अनुमति लेनी होगी। उन्होंने कहा कि वे वक्फ को बर्बाद करने और उसकी संपत्तियों को लूटने के लिए यह बिल ला रहे हैं।

उत्तराखंड सरकार राज्य में समान नागरिक संहिता लागू करने की तैयारी में है। इसकी को लेकर एआईएमआईएम सांसद असदुद्दीन ओवैसी का बड़ा बयान सामने आया है।



ओवैसी ने कहा कि जब आप हिंदू विवाह अधिनियम, हिंदू उत्तराधिकार अधिनियम को अपवाद दे रहे हैं तो इसे यूसीसी नहीं कहा जा सकता है और यह आदिवासियों पर भी लागू नहीं होगा। ये कैसा यूनिफ्रॉम सिविल कोड? उन्होंने साफ तौर पर कहा कि आप केवल मुसलमानों की शादियाँ और तलाक रोक रहे हैं। ओवैसी ने आगे कहा कि आप यूनिफ्रॉम सिविल कोड की बात करते हैं, लेकिन अगर कोई हिंदू धर्म से किसी अन्य धर्म में परिवर्तन करना चाहता है, तो उसे अनुमति लेनी होगी।

### राष्ट्रपति ट्रंप | ट्रंप ने राष्ट्रपति पद संभालते ही

## पहले दिन कौन से बड़े फैसले लिए, इनका दुनिया पर क्या असर?

नई दिल्ली। कार्यकारी आदेश क्या होते हैं? इन्हें कोई राष्ट्रपति कब इस्तेमाल कर सकता है? डोनाल्ड ट्रंप ने कौन-कौन से अहम कार्यकारी आदेशों पर हस्ताक्षर किए हैं? इनका अमेरिका और दुनिया पर क्या असर हो सकता है? आइये जानते हैं...

डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को अमेरिका के राष्ट्रपति पद की जिम्मेदारी संभाल ली। शपथग्रहण के ठीक बाद उन्होंने अपने दूसरे कार्यकाल के पहले ही दिन 80 से ज्यादा कार्यकारी आदेशों पर हस्ताक्षर भी कर दिए। इनमें कई आदेश पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडन की ओर से बनाए गए नियमों को खत्म करने के लिए थे। वहीं, कुछ और आदेश अमेरिका को वैश्विक संगठनों से निकालने और अमेरिकी में तय प्रणालियों को बदलने से भी जुड़े हैं।




ट्रंप की तरफ से अमेरिका में नियमों को बदलने के लिए इस तेजी से कार्यकारी आदेश जारी करने के बीच यह जानना अहम है कि आखिर कार्यकारी आदेश क्या होते हैं? इन्हें कोई राष्ट्रपति कब इस्तेमाल कर सकता है? डोनाल्ड ट्रंप ने कौन-कौन से अहम कार्यकारी आदेशों पर हस्ताक्षर किए हैं? इनका अमेरिका और दुनिया पर क्या असर हो सकता है? आइये जानते हैं...

आमतौर पर राष्ट्रपति की तरफ से जारी इन आदेशों को अमेरिकी कानून और संविधान के अंतर्गत ही माना जाता है। लेकिन अगर ऐसा नहीं है तो इनके खिलाफ न्यायालयों में सुनवाई हो सकती है। इतना ही नहीं अगर संसद चाहे तो इन कार्यकारी आदेशों को खत्म करने के लिए एक कानून बना सकती है। लेकिन संसद के इस कानून को राष्ट्रपति वीटो कर सकते हैं।

ट्रंप ने पहले दिन कौन से अहम कार्यकारी आदेश जारी किए, उनके प्रभाव क्या?

डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को शपथग्रहण के बाद अपने भाषण में रिपब्लिकन सरकार की योजना के बारे में पहले ही काफी जानकारी दे दी थी। इसी कड़ी में उन्होंने कई कार्यकारी आदेशों पर हस्ताक्षर किए हैं। इनमें कुछ प्रमुख आदेश- जन्म से नागरिकता का अधिकार खत्म करने का आदेश, विश्व स्वास्थ्य संगठन को छोड़ने का कदम, राष्ट्रीय ऊर्जा आपातकाल लागू करने की पहल और अमेरिका में सिर्फ दो लिंगों की पहचान से जुड़ा आदेश है।

शेष पेज 2 पर

# दो फरवरी से आम लोगों के लिए खुल जाएगा राष्ट्रपति भवन का अमृत

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो

नई दिल्ली । आम लोग 30 मार्च तक मंगलवार से रविवार सुबह 10 से शाम छह बजे तक यहां जा सकते हैं।

राजधानी दिल्ली में स्थित राष्ट्रपति भवन परिसर में बने अमृत उद्यान को एक बार फिर से दो फरवरी से आम नागरिकों के लिए खोलने जा रहा है। आम लोग 30 मार्च तक मंगलवार से रविवार सुबह 10 से शाम छह बजे तक जा सकेंगे। छह से नौ मार्च को अमृत महोत्सव का आयोजन होगा, जिसमें दक्षिणी भारत की सांस्कृतिक धरोहर का प्रदर्शन होगा। ये एक ऐसी जगह है, जहां आप अपने परिवार के साथ जा सकते हैं। अमृत उद्यान भारत के राष्ट्रपति कार्यालय और निवास में 15 एकड़ के विशाल विस्तार में फैला हुआ है।



**कब-कब बंद रहेगा**

आधिकारिक जानकारी के मुताबिक उद्यान प्रत्येक सोमवार को साफ सफाई के मद्देनजर बंद रहेगा। इसके अलावा पांच फरवरी को दिल्ली विधानसभा मतदान, 20-21 फरवरी को भवन में सम्मेलन और 14 मार्च को होली की वजह से बंद रहेगा।

**जाते समय इन बातों का रखें ध्यान**

अगर आप अमृत उद्यान जा रहे हैं तो अपना पहचान पत्र अवश्य लेकर जाएं। इसके साथ ही आप अमृत उद्यान के अंदर फोन लेकर तो जा सकते हैं, लेकिन वहां न तो फोटो क्लिक कर सकते हैं और न ही वीडियो बना सकते हैं।

इसके साथ ही पान, सिरगेट और अन्य खाने का सामान भी आप अंदर लेकर नहीं जा सकते। अपने साथ आप पानी की बोतल, बच्चे की दूध की बोतल, पर्स, छाता और हैंडबैग लेकर ही अंदर जा सकते हैं। अंदर खाने के लिए आपको फूड कोर्ट भी वहीं मिल जाएगा।

**ऐसे बुक करें टिकट**

यहां जाने के लिए आपको किसी भी तरह का शुल्क देने की आवश्यकता नहीं है। बस आपको पहले से अपना स्लॉट बुक कराना पड़ेगा। इसके लिए बुकिंग राष्ट्रपति भवन की वेबसाइट (https://visit.rashtrapatibhavan.gov.in/visit/amrit-udyan/rE) पर ऑनलाइन की जा सकती है। अगर आप वहीं जाकर अपना स्लॉट बुक कराना चाहते हैं तो गेट नंबर 35 के बाहर लगे स्वयं सेवा कियोस्क के माध्यम से भी आप अपना स्लॉट बुक कर सकते हैं।

# दिल्ली में यहां दो दिन यातायात रहेगा प्रभावित, गणतंत्र दिवस को लेकर पुलिस की एडवाइजरी जारी

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो

नई दिल्ली। बुधवार को फुल ड्रेस रिहर्सल और 25 जनवरी को गणतंत्र दिवस के कार्यक्रम के कारण छत्रसाल स्टेडियम के पास ट्रैफिक प्रभावित हो सकता है। ऐसे में ट्रैफिक पुलिस ने एडवाइजरी जारी कर छत्रसाल स्टेडियम की तरफ लोगों को जाने से बचने की सलाह दी है।

ट्रैफिक अधिकारी के मुताबिक, गणतंत्र दिवस के कारण दिल्ली की मुख्यमंत्री छत्रसाल स्टेडियम में राष्ट्रीय ध्वज फहराने आएंगी। इस समारोह में कई मंत्री, विधायक और कई अधिकारी मौजूद रहेंगे। इसके अलावा सीनियर सिटीजन भी कार्यक्रम में शामिल होंगे। स्कूली बच्चे भी कार्यक्रम में शामिल होंगे।

जिस कारण ट्रैफिक प्रभावित होगा। इस कार्यक्रम में करीब 250 बसें और एक हजार से अधिक हल्की गाड़ियों की आने की संभावना है। इस कारण छत्रसाल स्टेडियम और उसके आसपास इलाके में भीड़ होगी। वहीं 22 जनवरी को फुल ड्रेस रिहर्सल परेड होने वाला है।

इस ट्रैफिक पुलिस ने सलाह दी है कि 22 जनवरी और 25 जनवरी को सुबह 6:00 बजे से लेकर दोपहर एक बजे तक इस सड़क पर आने से बचे और कोई वैकल्पिक रास्ते चुने।

इस दौरान ट्रैफिक पुलिस ने सलाह दी है कि ट्रैफिक जाम से बचने के लिए लोग इन वैकल्पिक मार्ग का इस्तेमाल कर सकते है।

इनर रिंग रोड-आइपी कालेज से आजादपुर चौक।

जीटीके रोड-शक्ति रोड से आजादपुर चौक तक।

छत्रसाल स्टेडियम रोड से गुजरांवाला टाउन तक।

बुराड़ी चौक से कैंप चौक होते हुए विजय नगर टी प्वाइंट तक वैकल्पिक मार्ग का इस्तेमाल कर सकते हैं।

## पेज एक का शेष...

### पांच फरवरी को महाकुंभ आएंगे प्रधानमंत्री मोदी

अगली प्रमुख स्नान तिथियों में 29 जनवरी (मौनी अमावस्या), तीन फरवरी (बसंत पंचमी), 12 फरवरी (माघी पूर्णिमा) और 26 फरवरी (महाशिवरात्रि)।

उत्तर प्रदेश सरकार के आंकड़ों के मुताबिक, महाकुंभ के नौवें दिन 1597 लाख से ज्यादा श्रद्धालुओं ने प्रयागराज के त्रिवेणी संगम में डुबकी लगाई। 20 जनवरी तक 88.1 मिलियन से अधिक लोग पहले ही गंगा, यमुना और रहस्यमयी सरस्वती के पवित्र संगम में डुबकी लगा चुके हैं।

### मिल्कीपुर उपचुनावः सीएम योगी 24 जनवरी को करेंगे बड़ी जनसभा

जनसभा में हर बूथ की सहभागिता होगी। इसके लिए जिले के पदाधिकारी लगातार बूथ के कार्यकताओं से संपर्क कर रहे हैं। अन्य व्यवस्थाओं के लिए कार्यकताओं को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

जिलाध्यक्ष संजीव सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री की सभा को ऐतिहासिक बनाने के लिए तैयारियों को लेकर पदाधिकारियों और जनप्रतिनिधियों को जिम्मेदारियां सौंप दी गई हैं। जनसभा संयोजक पूर्व विधायक गोरखनाथ बाबा ने बताया कि जनसभा में सहभागिता के लिए बूथ और शक्ति केंद्रों पर बैठकें की जा रही हैं। मीडिया प्रभारी दिवाकर सिंह ने बताया कि सभा स्थल पर टेंट, पेयजल, मंच साज-सज्जा, साउंड सिस्टम, आवागमन के लिए सुलभ मार्ग, वाहनों की पार्किंग और अन्य व्यवस्थाओं को लेकर पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया है।

### हमले के बाद पहली बार सामने आए सैफ, खुद चलकर मीडिया से मिलने आए; जताया आभार

अभिनेता बुरी तरह जख्मी हुए। उनकी गर्दन और रीढ़ की हड्डी में गंभीर चोट आईं। लीलावती अस्पताल मे उनका इलाज चला, जहां उनकी कई घंटे की सर्जरी हुई। डॉक्टरों ने बताया कि हमले में सैफ के तीन जगह चोट आई। दो चोट हाथ में, एक गर्दन की दाईं तरफ। इसके अलावा एक गंभीर चोट रीढ़ की हड्डी में लगी। फिलहाल सैफ खतरे से बाहर हैं। आज जब एक्टर को छुट्टी मिली है तो उनके आवास 'सतगुरु शरण' के पास कड़ी सुरक्षा व्यवस्था है और पुलिस बल तैनात है।

सैफ अली खान की सर्जरी के दौरान डॉक्टरों ने उनकी रीढ़ की हड्डी में फंसी नुकीली चीज निकाली। सर्जरी के बाद सैफ अली खान को 17 जनवरी को आईसीयू में शिफ्ट किया गया। इसके बाद उन्हें नॉर्मल रूम में शिफ्ट किया गया। करीब पांच दिन बाद सैफ को घर भेज दिया गया है। फिलहाल उनकी हालत पहले से बेहतर है। सैफ को अस्पताल लेने उनकी पत्नी व अभिनेत्री करीना कपूर पहुंचीं।

चाकू से हमले की घटना मामले में पुलिस हर एंगल से जांच कर रही है। रविवार को पुलिस ने आरोपी शरीफुल इस्लाम शहजाद मोहम्मद को ठाणे से गिरफ्तार किया। पुलिस के मुताबिक आरोपी बांग्लादेश का नागरिक है और अवैध तरीके से भारत में घुस आया। 30 वर्षीय शहजाद चोरी करने के इरादे से सैफ अली खान के घर में दाखिल हुआ।

### सबूतों से कर दी छेड़छाड़, ममता पर जमकर बरसे पीड़िता के पिता, कहा- अब आगे कुछ ना करें

सरकार संजय रॉय को मौत की सजा देने की मांग को लेकर हाई कोर्ट चली गई है। पीड़िता के पिता ने कहा कि हमें कल ऑर्डर की कॉपी मिल जाएगी, हम उसे देखेंगे और फिर तय करेंगे कि हमें क्या करना है। उन्हें (मुख्यमंत्री ममता बनर्जी) जल्दबाजी में कुछ भी नहीं करना है। 'मुख्यमंत्री ने आज तक जो कुछ भी किया है, उन्हें आगे नहीं करना चाहिए।

पीड़िता के पिता ने पश्चिम बंगाल की सीएम की आलोचना करते हुए आरोप लगाया कि आरोपियों को उम्रकैद की सजा इसलिए मिली क्योंकि सीबीआई मामले में 'उचित सबूत' नहीं दे सकी। वह बहुत कुछ कह सकती हैं लेकिन उन्होंने केवल सबूतों के साथ छेड़छाड़ की। तत्कालीन सीपी और अन्य लोगों ने इसके साथ छेड़छाड़ की थी। क्या वह शुरू से यह सब नहीं देख सकती थी? हाई कोर्ट ने पश्चिम बंगाल सरकार की ओर से दायर चुनौती याचिका को स्वीकार कर लिया है। गौरतलब है कि आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल बलात्कार और हत्या मामले में संजय रॉय को आजीवन कारावास की सजा सुनाए जाने के सियालदह अदालत के फैसले के खिलाफ पश्चिम बंगाल सरकार कलकत्ता उच्च न्यायालय चली गई। महाधिवक्ता किशोर दत्ता ने संजय रॉय के लिए मौत की सजा की मांग करते हुए खंडपीठ न्यायमूर्ति देबांगशु बसाक का रुख किया। मामला दर्ज करने की अनुमति दे दी गयी है।

उन्होंने कहा कि वे वक्फ को बर्बाद करने और उसकी संपत्तियों को लूटने के लिए यह बिल ला रहे हैं।'

जैसे उअअ पर विरोध हुआ था, वैसे ही अगर वक्फ संशोधन बिल पास हुआ तो भी विरोध होगा। इससे पहले उत्तराखंड मंत्रिमंडल ने सोमवार को राज्य सचिवालय में आयोजित एक बैठक के दौरान समान नागरिक संहिता (यूसीसी) नियमावली को मंजूरी दे दी।

अधिकारियों के अनुसार, यह विकास विधायी विभाग द्वारा मैनुअल की सावधानीपूर्वक समीक्षा के बाद हुआ। मंजूरी के बारे में बोलते हुए, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने 2022 के चुनावों से पहले किए गए अपने वादों को पूरा करने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता पर जोर दिया। धामी ने कहा कि हमने 2022 में उत्तराखंड की जनता से वादा किया था कि हमारी सरकार बनते ही हम यूसीसी बिल लाएंगे। हम इसे ले आये। मसौदा समिति ने इसका मसौदा तैयार किया, यह पारित हुआ, राष्ट्रपति ने इसे मंजूरी दी और यह एक अधिनियम बन गया। ट्रेनिंग की प्रक्रिया भी लगभग पूरी हो चुकी है। उन्होंने कहा कि हर चीज का विश्लेषण करने के बाद हम जल्द ही तारीखों की घोषणा करेंगे।

यहां यह ध्यान दिया जाना चाहिए कि भाजपा सरकार ने पिछले साल 6 फरवरी को उत्तराखंड विधानसभा के एक विशेष सत्र के दौरान यूसीसी विधेयक पेश किया था और इसे एक दिन बाद 7 फरवरी को आरामदायक बहुमत के साथ पारित किया गया था। उत्तराखंड विधानसभा के बाद, फरवरी में यूसीसी विधेयक पारित किया गया और राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 13 मार्च को इस पर हस्ताक्षर किए, जिससे उत्तराखंड के लिए यूसीसी अधिनियमित करने वाला भारत का पहला राज्य बनने का मार्ग प्रशस्त हो गया।

### अब सीएम नीतीश के लिए बिहार चलाना असंभव हो चुका:तेजस्वी

इसलिए बड़ा सवाल है कि बिहार को विशेष राज्य का दर्जा कब दिलवाएंगे। बिहार में अपराध चरम सीमा पर है, लायन आर्डर ध्वस्त हो चुका है, गरीबों की सुनवाई नहीं हो रही, प्रखंड व थाने पर बिना घूस दिए कोई काम नहीं हो रहा है। बिहार में भ्रष्टाचार की गंगोत्री बह रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री एक परीक्षा भी ढंग से नहीं करा पा रहे और बिहार चलाना इनके लिए अब असंभव हो चुका है। मुख्यमंत्री थक चुके हैं और रिटायर्ड अधिकारियों के साथ बिहार चला रहे हैं। इन लोगों के पास ना कोई नया विजन है और ना ही नई सोच है कि कैसे बिहार को आगे लेकर जाए।

तेजस्वी यादव ने कहा कि हम लोगों के पास बहुत काम है। हमलोग काम में विश्वास करते हैं। हम जनता के साथ हैं और जनता के हीं मुद्दों को उठा रहे हैं। सासाराम में आयोजित कार्यकर्ता संवाद कार्यक्रम में शामिल होने आए तेजस्वी यादव ने एक प्रेस वार्ता के दौरान कहा कि अलग-अलग जगहों पर अलग-अलग समस्याएं रहती है, जिससे लोग हमें अवगत करा रहे हैं। बिहार से पलायन रोकने, इंडस्ट्री लगाने, बिहार को अव्वल राज्यों में शुमार कराने जैसे ब्लूप्रिंट के साथ जनता के सामने जा रहे हैं और 17 महीने में जो हम लोगों ने काम किया है, उसे लोगों को बता रहे हैं। राजद नेता तेजस्वी यादव ने कहा कि हम लोग महिलाओं से भी संवाद कर रहे हैं और महिलाओं का कहना है कि महंगाई की मार से घर चलाना मुश्किल हो गया है, बचत नहीं हो पाता, हर चीज महंगी हो चुकी है। जिसको देखते हुए हम लोगों ने निर्णय लिया है कि सरकार बनेगी तो माई बहिन मान योजणा लागू किया जाएगा और 25 सौ रुपए सीधे माताओं बहनों के खाते में जमा होगा।

नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने कहा कि देश भर में सबसे महंगा बिजली बिहार में मिलता है और अब स्मार्ट मीटर से भी लोग परेशान हैं। इसलिए हम लोगों ने तय किया कि 200 यूनिट मुफ्त में बिजली देंगे। तेजस्वी यादव ने कहा कि हमारे पड़ोसी राज्य झारखंड में सामाजिक सुरक्षा पेंशन, वृद्धा पेंशन 1000 रुपए मिलता है, लेकिन यहां मात्र 400 रुपए है। जिसे बढ़ाकर 1500 रुपए किया जाएगा।

तेजस्वी यादव ने कहा कि हम लोगों ने बिना पेपर लिक के 5 लाख लोगों को नौकरी दी और तीन लाख प्रक्रियाधीन कराए। गांधी मैदान में जहां राजनीतिक रैलियां होती है वहां रोजगार मेला लगता था, लेकिन आज छात्रों को पीटा जा रहा है। कोई वर्ग इस मौजूदा सरकार से खुश नहीं है। अगर एक हीं ब्रांड का बीज एक खेत में बीस सालों तक रोपियेगा तो जमीन भी खराब हो जाएगी और फसल भी। अब बिहार को नए ब्रांड का नए बीज लगाने की जरूरत है ताकि फसल भी अच्छी हो और आने वाले नस्लों का भविष्य भी बेहतर हो।

### पहले दिन कौन से बड़े फैसले लिए, इनका दुनिया पर क्या असर?

जन्म से नागरिकता का अधिकार?

क्या है आदेश?

आव्रजन नीति और शरणार्थियों को नागरिकता देने की नीतियों में बदलाव से जुड़े कार्यकारी आदेशों के अलावा ट्रंप का एक अहम आदेश जन्म से मिलने वाली नागरिकता खत्म करने से जुड़ा है। इसके तहत अब अवैध शरणार्थियों के बच्चों को अमेरिका में जन्म होने के बावजूद अमेरिकी नागरिकता नहीं मिल पाएगी। बच्चों के माता-पिता में कम से कम एक का अमेरिकी नागरिक या रहवासी होना जरूरी है।

आदेश के पीछे ट्रंप का तर्क?

ट्रंप के आदेश के मुताबिक, अगर किसी बच्चे के जन्म के वक्त उसकी मां अवैध तौर पर या अस्थायी तौर पर अमेरिका में थी और उसके पिता के पास अमेरिकी नागरिकता या स्थायी तौर पर रहने की इजाजत नहीं थी, तो ऐसे बच्चों को अमेरिकी नागरिकता नहीं दी जाएगी।

इस आदेश के मायने क्या?

इससे पहले अमेरिकी धरती पर जन्मे किसी भी बच्चे के पास जन्म के साथ ही अमेरिकी नागरिकता का अधिकार होता था। यह अधिकार अमेरिकी संविधान के 14वें संशोधन कानून के तहत दिया जाता है। इसके उल्लंघन पर कार्यकारी आदेश को न्यायालय में चुनौती दी जा सकती है। ट्रंप प्रशासन की तरफ से इस आदेश के 30 दिन बाद से अमेरिका में जन्म लेने वाले बच्चों को उनके माता-पिता के देश में रहने के कानूनी अधिकार से जोड़कर ही नागरिकता दी जाएगी।

विश्व स्वास्थ्य संगठन (हल्ड) छोड़ने का आदेश

ट्रंप ने क्या कहा?

ट्रंप ने कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर करते हुए कहा, "विश्व स्वास्थ्य संगठन ने हमें ठगा है। हर कोई अमेरिका को ठगता है। अब यह और नहीं होगा।" उन्होंने डब्ल्यूएचओ पर कोरोनावायरस महामारी और अन्य स्वास्थ्य संकटों की स्थिति ठीक से न संभालने का आरोप लगाया।

मैक्सिको की खाड़ी का नाम बदलने का आदेश

क्या है आदेश?

डोनाल्ड ट्रंप ने मैक्सिको की खाड़ी और अलास्का के माउंट डेनाली का नाम बदलने का कार्यकारी आदेश जारी किया।

ट्रंप ने क्या कहा?

ट्रंप ने बताया कि वह मैक्सिको की खाड़ी का नाम बदलकर अमेरिका की खाड़ी करने जा रहे हैं। इसके अलावा उन्होंने हवाई में पहाड़ी चोटी का नाम बदलकर माउंट मैकिनली करने की बात कही। ट्रंप ने कहा कि राष्ट्रपति विलियम मैकिनली ने टैरिफ और प्रतिभा के जरिए अमेरिका को अमीर बनाया था।

इस आदेश के मायने क्या?

ट्रंप के आदेश के मुताबिक, अब अमेरिका, मैक्सिको और क्यूबा के बीच साझा खाड़ी वाले क्षेत्र, जिसे दुनिया मैक्सिको की खाड़ी के नाम से जानती है, उसे अब अमेरिकी नक्शों और सरकारी दस्तावेजों में अमेरिका की खाड़ी कहा जाएगा। माना जा इसके जरिए ट्रंप मैक्सिको की खाड़ी के एक बड़े हिस्से में अपना एकाधिकार जताकर 'ड्रिल बेबी ड्रिल' योजना को लागू करना चाहते हैं।

इसके अलावा ट्रंप ने अलास्का राज्य में स्थित चोटी माउंट डेनाली का नाम फिर से माउंट मैकिनली करने का आदेश जारी किया। इसका नाम पहले अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति विलियम मैकिनली के नाम पर माउंट मेकिनली ही रखा गया था, हालांकि बराक ओबामा ने 2015 में इसका नाम अलास्का की प्राचीन संस्कृति के आधार पर माउंट डेनाली रख दिया था। ट्रंप ने अब एक बार फिर चोटी का नाम माउंट मेकिनली कर दिया है, जिससे अलास्का में स्थानीय लोगों में गुस्सा भड़क सकता है।

हालांकि, उनके नाम बदलने से जुड़े इन आदेशों का असर सिर्फ अमेरिका में ही होगा। अंतरराष्ट्रीय जगत इन्हें मानने के लिए बाध्य नहीं है।

‸इलेक्ट्रिक वाहनों के निर्माण का लक्ष्य खत्म ट्रंप ने क्या कहा?

"ऐसे समय जब चीन खुले तौर पर दुनिया को प्रदूषित कर रहा है, तब अमेरिका प्रदूषण कम करने के नाम पर ई-वाहनों को लाकर अपने उद्योगों को बर्बाद नहीं करेगा।"

संघीय कर्मचारियों को वगीर्कृत करने का आदेश

आदेश क्या?

ट्रंप के इस कार्यकारी आदेश के तहत अब संघीय सरकार (राष्ट्रपति के अंतर्गत आने वाले प्रशासन) के कर्मचारियों को वगीर्कृत किया जाएगा। इससे उन्हें निकालने में आसानी होगी, जिससे सरकार अपने आकार को छोटा करेगी और गैर-जरूरी खर्चों में भी कटौती करेगी।

ट्रंप ने क्या कहा?

डोनाल्ड ट्रंप ने सरकार की कार्यक्षमता बढ़ाने के लिए पहले ही एक सरकारी दक्षता मंत्रालय बनाया है, जिसकी कमान एलन मस्क के हाथ में है। इस मंत्रालय के जरिए प्रशासन के उन कर्मियों को निकालने की तैयारी है, जो कि अमेरिका में डीप स्टेट से जुड़े हैं।

इसके मायने क्या?

अपने कार्यकारी आदेश के जरिए ट्रंप ने अब सरकारी कर्मियों के लिए एक 'श्रेणी एफ' भी बना दी है, जिसमें हजारों संघीय कर्मचारियों को रखा जाएगा। बताया गया है कि अपने 2025 की परियोजना के तहत ट्रंप सरकार अब ऐसे कर्मियों की छंटनी करेगी, जो पिछले कार्यकाल के नेताओं और अधिकारियों के प्रति वफादार हैं और नई सरकार के कामों में अवरोध पैदा कर सकते हैं। इन्हें ट्रंप ने अमेरिका में डीप स्टेट करार दिया है।

राष्ट्रीय ऊर्जा आपातकाल लागू करने का आदेश

ट्रंप ने क्या कहा?

डोनाल्ड ट्रंप के मुताबिक, इस आदेश का मतलब यह है कि आप ऊर्जा समस्या से निकलने के लिए जो कर सकते हैं, वह करें। यह संकट एक आपातकाल की तरह है।

लैंगिक पहचान से जुड़ा आदेश

क्या है आदेश?

ट्रंप ने कार्यकारी आदेश जारी कर अमेरिका में संघीय सरकार के संचार, नीतियों और फॉर्म्स से 'लिंग विचारधारा मार्गदर्शन' को हटा दिया है। इस आदेश के तहत अब यह आधिकारिक नीति होगी कि अमेरिका में सिर्फ दो ही लिंग हैं- पुरुष और महिला।

ट्रंप ने क्या कहा?

ट्रंप ने कहा कि अमेरिकी एजेंसियां और संस्थान अब कानून लागू करने वक्त इस आधार पर लोगों की पहचान नहीं करेंगे कि पुरुष के तौर पर पैदा हुए व्यक्ति की पहचान महिला के तौर पर हो सकती है या स्त्रीलिंग में पैदा हुई महिला की पहचान पुरुष के तौर पर हो सकती है। इससे लोगों को लैंगिक भेदभाव से बचाने में सहायता मिलेगी।

आदेश के मायने क्या?

ट्रंप ने इस कार्यकारी आदेश के जरिए अब बाइडन सरकार के उस आदेश को पलट दिया है, जिसके तहत लोगों को उनका लैंगिक व्यवहार चुनने अधिकार दिया गया था। यह सरकारी दस्तावेजों में भी स्वीकार किया जाने लगा था। यानी अब जन्म से पुरुष पैदा हुए व्यक्ति की पहचान सिर्फ पुरुष के तौर पर ही होगी। यही नियम महिलाओं पर भी लागू होगा।

मैक्सिको सीमा पर इमरजेंसी, आव्रजन परआदेश में क्या?

व्हाइट हाउस में ट्रंप की तरफ से जारी इस आदेश के मुताबिक, अब अमेरिका की दक्षिणी सीमा पर आपातकाल का एलान कर दिया गया है। इसके अलावा सीमा से आने वालों के लिए आव्रजन से जुड़ी नीतियां भी लागू कर दी गई हैं।

ट्रंप ने क्या कहा?

"सभी अवैध तरह की एंट्री पूरी तरह बंद कर दी जाएंगी और हम करोड़ों अपराधी एलियंस (विदेशी नागरिकों) को वापस वहीं भेजे जाने की प्रक्रिया शुरू करेंगे, जहां से वे आए हैं।"

इसके क्या मायने?

इस कार्यकारी आदेश के जरिए अब अमेरिका दक्षिणी सीमा पर अवैध घुसपैठ रोकने के लिए सेना भेज सकता है। इसके अलावा अमेरिका में अवैध आव्रजन को रोकने के लिए कट्टर और सख्त नीतियां लागू कर दी जाएंगी। अभी आदेश में यह नहीं बताया गया है कि वह अवैध तरह से अमेरिका में रह रहे लोगों पर क्या कार्रवाई करेगा या उन्हें किस तरह अपने देश भेजेगा। या अगर वह ऐसा करता है तो इसके लिए क्या खर्च किया जाएगा।

हालांकि, अमेरिका के अप्रवासी समुदाय में ट्रंप के इस आदेश के बाद डर फैला हुआ है। मंगलवार सुबह से ही संघीय एजेंसियां अवैध शरणार्थियों को ढूंढने का काम शुरू कर देंगी।

पेरिस जलवायु समझौते से अमेरिका के बाहर होने का आदेश

आदेश में क्या?

इस कार्यकारी आदेश के मुताबिक, अमेरिका अब 2015 के पेरिस जलवायु समझौते से अपनी भागीदारी वापस ले रहा है। इस आदेश के जरिए अमेरिका अपने फैसले की जानकारी संयुक्त राष्ट्र (यूएन) को भी भेज रहा है।

ट्रंप क्या बोले?

मैं पक्षपाती और एकतरफा पेरिस जलवायु समझौते से अमेरिका की भागीदारी को तुरंत वापस ले रहा हूं। मैं इस ग्रीन न्यू डील का अंत कर रहा हूं।"

इसके मायने क्या?

डोनाल्ड ट्रंप ने 2017 में अपने पहले कार्यकाल में भी अमेरिका को पेरिस जलवायु समझौते से बाहर कर लिया था। हालांकि, जो बाइडन ने 2021 में अमेरिका को फिर से इस समझौते का हिस्सा बना लिया। अब एक बार फिर ट्रंप ने पेरिस जलवायु समझौते से अमेरिका को अलग कर दिया है।

दुनिया में कार्बन उत्सर्जन के लिए अमेरिका और चीन दो सबसे बड़े जिम्मेदार देश हैं। पेरिस जलवायु समझौते के तहत जलवायु परिवर्तन के बुरे प्रभावों से बचने के लिए इस कार्बन उत्सर्जन को कम करने के लिए कुछ मानक स्थापित किए गए हैं। इनके जरिए जीवाश्म ईंधन का प्रयोग कम करने पर जोर दिया गया है और ऊर्जा जरूरतों को नवीकरणीय ऊर्जा के जरिए पूरा करने का प्रावधान है। अमेरिका में जीवाश्म ईंधन का इस्तेमाल कम होने और स्वच्छ ऊर्जा के इस्तेमाल को बढ़ाने के चलते महंगाई तेजी से बढ़ी है।

का

# स्वतंत्रता सेनानी के पुत्र चंद्रपाल सिंह पंवार ने किया गणमान्य

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

बागपत। माँ वेष्णो इंटरनेशनल स्कूल पानीपत के चेयरमैन संदीप कुमार, सेवली सोनीपत के समाज सेवी ओमप्रकाश, देव भोरिया व युवराज भोरिया, सुनहेड़ा गाँव में आजाद हिन्द फौज के नायक सुभाषचन्द्र बोस की सेना में काम करने वाले स्वतंत्रता सेनानी चौधरी स्व किशनलाल के सुपुत्र एवं समाज सेवी चौधरी चन्द्रपाल सिंह पंवार व पुष्पा देवी से मिलने पहुँचे।



उनका यहां पहुंचने पर चंद्रपाल सिंह पंवार ने पगड़ी, पटका व मैडल पहनाकर तथा स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया। संदीप कुमार व ओमप्रकाश ने चंद्रपाल सिंह पंवार द्वारा किए जा रहे समाज सेवी कार्यों की प्रशंसा की और सभी लोगों से उनके कार्यों से प्रेरणा लेने की बात कही। कहा कि सामाजिक कार्यों में उनका पूरा सहयोग तन, मन व धन से चंद्रपाल सिंह पंवार के साथ है। वह उन्हें जो भी आदेश करेंगे वह उन्हें स्वीकार होगा। चंद्रपाल सिंह पंवार द्वारा दिए गए सम्मान के लिए संदीप कुमार व ओमप्रकाश ने उनका आभार व्यक्त किया।

# स्ट्रोक के इलाज में समय पर सर्जरी बेहद जरूरी

**सुरेंद्र मलानिया**

बागपत। स्ट्रोक आज दुनिया भर में मौत और अपंगता का प्रमुख कारण बन चुका है। भारत में भी इसकी घटनाएं तेजी से बढ़ रही हैं, खासकर हाई ब्लड प्रेशर, डायबिटीज और बैठने वाली जीवनशैली के चलते। स्ट्रोक के समय हर सेकंड कीमती होता है।

समय पर मेडिकल मदद न केवल मरीज की जान बचा सकती है, बल्कि उसके ठीक होने की संभावना को भी बढ़ा सकती है। स्ट्रोक के इलाज में कई बार दवाओं के साथ बेहतर सर्जरी की जरूरत होती है। यह प्रक्रिया मरीज को तेजी से ठीक करने और उसकी सामान्य जिंदगी लौटाने में मदद करती है।

डॉ. सुमित गोयल, ग्रुप डायरेक्टर न्यूरोइंटरवेंशनिस्ट और न्यूरोसर्जन, यथार्थ हॉस्पिटल, ग्रेटर नोएडा ने बताया, ‟स्ट्रोक का सही समय पर इलाज मरीज की जान बचाने के लिए सबसे अहम कदम है। सर्जरी के जरिए ब्लड क्लॉट को हटाना या ब्रेन प्रेशर को कम करना जैसे उपाय मरीज को बेहतर जिंदगी देने में मदद करते हैं। समय पर सही कदम उठाने से स्ट्रोक के असर को काफी हद तक रोका जा सकता है।



स्ट्रोक के इलाज में न्यूरोसर्जरी की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण है। इस्केमिक स्ट्रोक, जहां दिमाग तक खून की सप्लाई रुक जाती है, उसमें थ्रोम्बेक्टॉमी जैसी सर्जरी के जरिए ब्लड क्लॉट को हटाया जाता है। यह प्रक्रिया स्ट्रोक के लक्षण दिखने के कुछ घंटों के भीतर करनी होती है ताकि दिमाग तक ब्लड सप्लाई फिर से शुरू की जा सके।

वहीं, हैमरेजिक स्ट्रोक में जब दिमाग के भीतर खून जमा हो जाता है, तो इसे हटाने के लिए सर्जरी की जाती है। इससे दिमाग पर दबाव कम होता है और आगे की चोटों को रोका जा सकता है। एनेरिजम कॉइलिंग, जो एक मिनिमली इनवेसिव प्रक्रिया है, दिमाग की कमजोर खून की नलियों को स्थिर करने और उनके फटने के खतरे को कम करने के लिए उपयोग की जाती है।

स्ट्रोक के बाद मरीज की देखभाल और रिहैबिलिटेशन भी उतना ही जरूरी है। सर्जरी के बाद मरीज को खास देखभाल की जरूरत होती है, जिसमें दिमाग के कार्य पर नजर रखना, ऑक्सीजन की पर्याप्त मात्रा बनाए रखना और उचित पोषण शामिल है। इसके साथ ही, फिजियोथेरेपी, स्पीच थेरेपी और अन्य उपचार मरीज की खोई हुई क्षमताओं को वापस लाने और उसकी दैनिक गतिविधियों को फिर से सामान्य बनाने में मदद करते हैं।

स्ट्रोक से बचाव ही इसका सबसे अच्छा इलाज है। हेल्दी डाइट, नियमित व्यायाम, ब्लड प्रेशर का नियंत्रण और स्मोकिंग से बचना स्ट्रोक के खतरे को काफी हद तक कम कर सकते हैं। नियमित हेल्थ चेकअप और समय रहते हाई कोलेस्ट्रॉल या हार्ट की अनियमित धड़कन जैसी समस्याओं की पहचान करना भी स्ट्रोक को रोकने में मदद करता है।

स्ट्रोक एक मेडिकल इमरजेंसी है, जिसमें तेजी से इलाज लेना बेहद जरूरी है। न्यूरोसर्जरी और बेहतर मेडिकल तकनीकों के साथ, अब स्ट्रोक के मरीजों के बचने और ठीक होने की संभावना बहुत बढ़ गई है। सही समय पर इलाज और व्यापक देखभाल अपनाकर मरीजों को दोबारा सामान्य जीवन दिया जा सकता है।

# पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ सत्यपाल सिंह को पत्र सौंपकर जताया आभार

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

बागपत। जिला बागपत के भूतपूर्व सैनिकों की विभिन्न मांगों को लेकर पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ सत्यपाल सिंह ने 26 जुलाई वर्ष 2023 को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मुलाकात कराई थी।

परिणाम स्वरूप जनपद बागपत मुख्यालय पर भूतपूर्व सैनिक व उनके परिवार जनों की सुविधा हेतु रक्षा मंत्री द्वारा सीएसडी कैंटीन स्वीकृत की गई । जिसका विधिवत्त उद्घाटन दिनांक 15 जनवरी 2025 को संपन्न हुआ।इस सुविधा से जनपद के लगभग 50000 सम्मानित सदस्य, परिवारजन लाभान्वित हो रहे हैं। जिला पूर्व सैनिक समिति बागपत के जिला अध्यक्ष सूबेदार मेजर राजेंद्र सिंह,



महासचिव एडवोकेट गजेंद्र सिंह व कार्यकारिणी सदस्य कैप्टन सत्येंद्र सिंह द्वारा डॉक्टर सत्यपाल सिंह से शिष्टाचार भेंट कर उनके निज निवास दिल्ली में उन्हें सम्मान स्वरूप पगड़ी, अंग वस्त्र व शॉल ओढ़ाकर आभार पत्र भेंट किया। डॉ साहब ने आश्वासन दिया कि मैं पूर्व सैनिक संगठन के प्रति अपने नैतिक दायित्व को हमेशा निभाता रहूंगा। राजेंद्र साहब ने पूरे जिला सैनिक समिति बागपत की ओर से पूर्व मंत्री का आभार व्यक्त किया। जल्दी ही जिला सैनिक संगठन बागपत का प्रतिनिधि मंडल सांसद लोकसभा क्षेत्र बागपत डॉक्टर राजकुमार सांगवान से शिष्टाचार भेंट कर उनका धन्यवाद ज्ञापित करेगा।

# रितिक तोमर को किया रामस्वरूप वर्मा स्मृति सम्मान से सम्मानित



**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

बागपत। मां वैष्णो सोशल वेलफेयर सोसाइटी के कोषाध्यक्ष एवं सुप्रसिद्ध सोशल वर्कर रितिक तोमर के समाजसेवी कार्यों को देखते हुए उन्हें रामस्वरूप वर्मा स्मृति सम्मान से सम्मानित किया गया। रितिक तोमर माँ वैष्णो सोशल वेलफेयर सोसाइटी के कोषाध्यक्ष होने के साथ-साथ एक सोशल वर्कर है और समाज के हर कार्यों में उनका पूरा सहयोग रहता है। उन्हें यह सम्मान रामस्वरूप वर्मा के सुपुत्र रमेश वर्मा की तरफ से उनके प्रतिनिधि के रूप में सामाजिक कार्यकर्ता विपुल जैन ने प्रदान किया। उन्होंने बताया यह सम्मान समाज के मेधावी छात्र-छात्राओं, खिलाड़ियो व समाज में अच्छा कार्य करने वाले लोगों के उत्साहवर्धन के लिये दिया जाता है। रामस्वरूप वर्मा का जीवन हमेशा देश व समाज के लिए समर्पित रहा। उन्होंने हमेशा समाज के दीन दुखियों, गरीब, असहाय व निर्धन लोगों की सेवा की और उनके सुपुत्र रमेश वर्मा आज उनके नक्शे कदम पर चलकर समाज की सेवा में लगे हुए है, जिनकी हर कोई तारीफ कर रहा है। रमेश वर्मा ने कहा कि वह आगे भी इसी तरह सम्मान देकर समाज में अच्छा कार्य करने वाले लोगों को प्रोत्साहित करते रहेंगे।

# शकुन्तला देवी मैमोरियल प्राइजमनी टी-20 प्रीमियर क्रिकेट लीग 23 से

**एनपीटी ब्यूरो**

**बरेली।** पत्रकार क्रिकेटर्स क्लब रजि० के तत्वाधान में छठी बरेली प्रीमियर प्राइजमनी टी-20 क्रिकेट लीग शकुन्तला देवी की स्मृति का आयोजन 23 जनवरी से 30 जनवरी तक निशांत पटेल स्पोर्टस स्टेडियम डोहरा रोड में किया जायेगा। आयोजन के बारे में जानकारी देते हुए अध्यक्ष सुनील सक्सेना व सचिव प्रशांत रायजादा ने संयुक्त रूप से बताया कि प्रतियोगिता में राज्य भर से बारह टीमों का प्रवेश दिया गया है जिसमें मुरादाबाद, हरियाणा, दिल्ली, शाहजहांपुर, पीलीभीत के



अलावा स्थानीय टीमें प्रतिभाग करेंगी प्रतियोगिता लीग कम नाक आउट आधार खेली जायेगी। विजेता टीम को एक लाख व उप विजेता को 50 हजार प्राइजमनी व ट्राफी दी जायेगी वहीं प्रत्येक मैन ऑफ द मेच व ब्लेयर ऑफ द टूनमिन्ट दिया जायेगा। आयोजकों ने बताया कि विगत वर्षों में खेले गये टूनार्मेटों में समीर रिजवी जिन्हें आईपीएल-24 के लिये चेन्नई सुपर किंग में 8 करोड़ 40 लाख में लिया खेलकर गये है, वहीं आर्यन जुयाल, शिवम शर्मा, शिवा सिंह, अनूप अहलावत व भारतीय टीम के स्टार गेंदबाज मो० शमी के भाई मो० कैफ के साथ-साथ तमाम रणजी स्तर के खिलाड़ी शिरकत करते रहे है। खिलाड़ियों को कलर किट आयोजन समिति द्वारा उपलब्ध कराई जायेगी। वार्ता के दौरान क्षेत्रीय क्रीडाधिकारी जितेन्द्र यादव, संजय सक्सेना, ओपी कोहली, विवेक मिश्रा आदि मौजूद रहें।

# भू दृष्टि फाउंडेशन की टीम ने किया जिलाधिकारी बागपत का सम्मान

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

बागपत। भू दृष्टी फाउंडेशन की टीम मंगलवार को कलक्ट्रेट पहुंची और उन्होंने बागपत की नवनियुक्त जिलाधिकारी अस्मिता लाल का फूल बुग्गे भेंट कर तथा शॉल ओढ़ाकर सम्मान किया।



केवल इतना ही नहीं उन्होंने जिलाधिकारी को उनकी फोटू की स्क्रैच की गई हैंड मेड पेंटिंग भी भेंट की और बागपत आगमन पर उन्हें बधाई दी। भू दृष्टि फाउंडेशन की संस्थापक अध्यक्ष कुसुम चौहान ने बागपत जिले के विकास के लिए जिलाधिकारी को अपनी फाउंडेशन की तरफ से हर संभव सहयोग करने का वायदा किया। कहा कि जिले के विकास में जिलाधिकारी बागपत को जब भी उनकी फाउंडेशन की तरफ से किसी भी प्रकार के सहयोग की जरूरत होगी तो उनकी फाउंडेशन हमेशा उनके साथ खड़ी दिखाई देगी। इस मौके पर उपसचिव रीना तोमर, मधु तोमर राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी अक्षय तोमर गीता राणा सीमा तोमर सुनीता चौहान सीमा अहलावत आदि उपस्थित रहे।

# स्मार्ट पुलिसिंग के लिए एडीजी ने बनाया एआई पीआरओ

## लोगों को यातायात नियमों के प्रति करेगा जागरूक

**एनपीटी ब्यूरो**

बरेली। मैं एडीजी का एआई पीआरओ सब इंस्पेक्टर जारविस बोल रहा हूं। हादसों और चालान से बचने के लिए हेलमेट और सीट बेल्ट जरूर लगाएं।' बरेली में स्मार्ट सिटी के पब्लिक एड्रेस सिस्टम से जल्द ही आपको यह आवाज सुनाई देगी। स्मार्ट पुलिसिंग को बढ़ावा देने और नई पीढ़ी को जागरूक करने के लिए एडीजी रमित शर्मा ने खुद ही एआई (आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस) पीआरओ (पब्लिक रिलेशन ऑफिसर) बनाया है। उसे सब इंस्पेक्टर की रैंक के साथ ही जारविस नाम दिया गया है।

पुलिस विभाग प्रदेश में यह काम पहली बार करने का दावा कर रहा है। वह स्मार्ट सिटी के कैमरों के जरिये जुड़कर लोगों को वीडियो और ऑडियो मेसेज भेजेगा। एडीजी ने सोमवार को विभिन्न सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट डालकर यह जानकारी साझा की है। लोग इसे हाथोंहाथ ले रहे हैं। एक्स पर पोस्ट किए गए 33 सेकंड के वीडियो में जारविस खुद अपना परिचय दे रहा है।

जारविस ने पहली पोस्ट डालकर अपने काम की शुरूआत कर दी है। उसने 33 सेकंड के वीडियो में बताया है कि हाल ही में एडीजी जोन की ओर से इन्फॉर्मेशन डिसऑर्डर (सूचना विकार) पर जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया है। इससे संबंधित लिंक वीडियो के साथ नीचे दिए गए हैं। आठ लिंक में संबंधित विषय के बारे में काफी रोचक जानकारी दी गई है।

इंजीनियरिंग से है पुराना जुड़ाव

एडीजी रमित शर्मा 1999 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं। वह हापुड़ के निवासी हैं और प्रदेश के कई जिलों व महानगरों में तैनात रहे हैं। वह आईआईटी कानपुर से इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में बीटेक हैं। तकनीक को लेकर वह हमेशा जागरूक रहते हैं। एआई तकनीक को पुलिसिंग में इस्तेमाल करने के पक्षधर हैं और इसी सोच को साकार करने के लिए उन्होंने यह प्रयोग किया है।

बरेली जोन के एडीजी रमित शर्मा ने बताया कि विभिन्न मीडिया व सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के जरिये पुलिस जन जागरूकता के प्रयास करती रहती है। एआई तकनीक से डिजिटल पीआरओ बनाकर भी इन्हीं चीजों का प्रसारण किया जाएगा। जाहिर है कि इससे नई पीढ़ी को जागरूक करने में मदद मिलेगी। महिलाओं-बच्चों की सुरक्षा और यातायात नियमों का पालन कराने वाले कार्यक्रमों पर ज्यादा फोकस किया जाएगा

# गाजियाबादः लोनी में 3 मंजिला मकान में लगी आग, एक ही परिवार के 4 लोगों की मौत, 4 झुलसे

## समाजवादी पार्टी राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव से भी कराई जाएगी मृतक परिवार की मदद - फैसल हुसैन

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निदेर्शानुसार जिला अध्यक्ष फैसल हुसैन एडवोकेट महानगर अध्यक्ष वीरेंद्र यादव एडवोकेट के नेतृत्व में समाजवादी पार्टी का प्रतिनिधि मंडल उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद जिले के लोनी इलाके स्थित कंचन पार्क कालोनी मैं शाहनवाज के दुखी परिवार से मिला और इस दुख की घड़ी में मृतक परिवार को समाजवादी पार्टी की तरफ से शोक सात्वना दी कंचन पार्क लोनी के एक 3 मंजिला मकान में आग लगने की घटना में एक ही परिवार के 4 लोगों की दम घुटने से मौत हो गई. मृतकों में एक महिला और 3 बच्चे शामिल हैं.

बच्चों की उम्र 10 वर्ष से कम बताई जा रही है लोनी विधानसभा अध्यक्ष दिनेश गुर्जर की जानकारी के अनुसार मृतकों में 1.गुलबहार पत्नी शाहनवाज उम्र 32 साल. 2.जान पुत्र शाहनवाज उम्र 9 साल. 3.शान पुत्र शाहनवाज उम्र 9 साल. 4.जीशान पुत्र शमशाद उम्र 7 साल. घायलों में



शमशाद.शमशाद की पत्नी आयशा उम्र 30 साल.और उनका बेटा आयन शाहनवाज शामिल है जो कि अब खतरे से बाहर बताये जा रहे हैं

दिनेश गुर्जर ने बताया कि पड़ोस में किसी की सूचना पर पहुंचे फायर कर्मियों और पुलिस ने घर की दीवार को तोड़ घायलों को बाहर निकाला और अस्पताल भेजा अभी तक की जानकारी में पुलिस बता रही है कि परिवार के 8 लोग मकान में थे. इनमें से 4 मृत मिले हैं. मरने वालों में बच्चे भी शामिल हैं. जिलाध्यक्ष समाजवादी पार्टी फैसल हुसैन ने बताया की गाजियाबाद में हुये दर्दनाक हादसे के बारे मैं समाजवादी पार्टी राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को अवगत कराया जाएगा और उनसे मृतक परिवार को सहायता दिलाने का भी प्रयास किया जाएगा फैसल हुसैन ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भी मृतक परिवार को पांच-पांच लाख रुपए का मुआवजा देने की मांग की समाजवादी पार्टी जिला अध्यक्ष लोनी कंचन पार्क स्थित तीन मंजिला मकान में लगी आग लगने से हुए मृतक परिवार के नुकसान और मृतक परिवार की हुई चार की मौत के दौरान परिवार को शोक सात्वना दी परिवार के लोगों ने बताया कि आग लगने के दौरान तीन बच्चो व एक महिला ने तोड़ा दम घटना के समय मकान में आठ लोग मौजूद,चार को सुरक्षित निकला सूचना पर दमकल विभाग की तीन गाड़ियों ने आग पर पाया काबू आग लगने के कारण पता लगा रही दमकल विभाग की टीम लोनी क्षेत्र के कंचन पार्क इलाके स्थित घर का मामला समाजवादी पार्टी जिला अध्यक्ष फैसल हुसैन ने नगर पालिका ईओ और लोनी एसीपी से भी फोन पर जानकारी ली समाजवादी पार्टी के प्रतिनिधिमंडल जिसमें प्रमुख रूप से जिला अध्यक्ष फैसल हुसैन एडवोकेट महानगर अध्यक्ष वीरेंद्र यादव एडवोकेट लोनी विधानसभा अध्यक्ष दिनेश गुर्जर प्रदेश उपाध्यक्ष महिला सभा राज देवी चौधरी जिला उपाध्यक्ष प्रवेश बासोया जिला अध्यक्ष यूथ ब्रिगेड इरफान अमानत चौधरी पूर्व जिला अध्यक्ष यूथ ब्रिगेड अनीस अली नगर अध्यक्ष लोनी हसीमुद्दीन इदरीसी रविशंकर वाल्मीकि उम्मेद पहलवान जिला सचिव आशा सचदेवा यकीन अली पार्षद असफाक अली पार्षद हुरेंदर बोद्ध सिराज सैफी कमरुद्दीन सैफी इरशाद प्रधान आदि कश्यप अमन अली समीर खान सलीम अहमद इत्यादि सपा नेता शामिल रहे

# संपादकीय

## स्वदेशी खेल में बने विश्व चैंपियन

ब्रिटिश काल में भारत में तमाम ऐसे खेल पनपे जिन्होंने परंपरागत स्वदेशी खेलों को हाशिये पर डाल दिया। एक ओर जहां महंगे खर्च वाले खेलों को तरजीह दी गई, वहीं बिना खर्च के शारीरिक-मानसिक स्वास्थ्य बढ़ाने वाले खेलों के प्रति हेय भाव जगाया। यही वजह है कि बाजार के खेल में हॉकी, शरीर सौष्ठव के कलात्मक खेल व खो-खो जैसा संपूर्णता का स्वास्थ्य देने वाला खेल अनदेखी का शिकार हुए। यह सुखद ही है कि भारत में पहली बार दुनिया में खो-खो की वैश्विक स्पर्धा हुई। जिसमें विश्व के दो दर्जन देशों के खिलाड़ियों ने भाग लिया। पिछले दिनों पंद्रह जनवरी से नई दिल्ली के इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में पहले खो-खो वर्ल्ड कप की शुरूआत हुई थी। जिसका समापन उन्नीस जनवरी को हुआ। भारतीय महिला व पुरुष टीम ने नेपाल को हराकर खिताबी जीत हासिल की। महिला टीम ने दक्षिणी अफ्रीका के खिलाफ बड़ी जीत से जिस विजय अभियान की शुरूआत की थी, उसका समापन नेपाल के खिलाफ शानदार जीत से हुआ। इस तरह अब भारत महिला व पुरुष वर्ग में पहली वर्ल्ड चैंपियन टीम बन गई है। रविवार को हुए फाइनल मैच में भारतीय खिलाड़ियों ने एक अरब चालीस करोड़ भारतीयों को खुश होने का अवसर दे दिया। लेकिन एक बात जरूर अखरती है कि इस वर्ल्ड चैंपियन टीम को कोई प्राइज मनी नहीं दी गई है। नई दिल्ली में आयोजित पहले खो-खो विश्व कप में महिला और पुरुष दोनों वर्ग में वर्ल्ड चैंपियन बनने पर केवल ट्रॉफी व खिलाड़ियों को मेडल ही दिए गए। भारतीय खो-खो फैडरेशन की दलील थी कि टैक्स कानून की जटिलताओं की वजह से कैश प्राइज नहीं दिए गए। कहा गया कि इससे विदेशी खिलाड़ियों को दिक्कत पैदा हो सकती थी। हालांकि, इस पहले खो-खो वर्ल्ड कप को पर्याप्त प्रायोजक भी मिले थे। ऐसे में पहली बार विश्व चैंपियन बनने वाले खिलाड़ियों को कैश प्राइज दिए जाने पर विचार किया जाना चाहिए था।

निश्चित रूप से इस स्वदेशी खेल के खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाने और इसे लोकप्रिय बनाने के लिये विशेष प्रयास किये जाने चाहिए। निश्चय ही हाल के वर्षों में भारतीय खो-खो फेडरेशन यानी केकेएफआई ने श्रम-साध्य प्रयास किए हैं। यह भारतीय खेल दुनिया के अनेक देशों में नहीं खेला जाता। इसे लोकप्रिय बनाने के लिये न केवल दूसरे देशों को प्रेरित किया गया बल्कि भारत से वहां इस खेल को सिखाने के लिये कोच भी भेजे गए। इन देशों में खो-खो फेडरेशन बनाने में सहयोग किया गया। जिससे दुनिया के विभिन्न देशों में इस खेल के प्रति दिलचस्पी पैदा हुई। निश्चित रूप से खो-खो भारत में खेला जाने वाला ऐसा खेल है जिसको जीतने के लिये न केवल रणनीति की जरूरत होती है बल्कि मनुष्य के आदर्श गुणों चुस्ती-फुर्ती, गतिशीलता व सहनशक्ति की भी आवश्यकता होती है। जो इस खेल को लोकप्रिय बनाने में सहायक है। निस्संदेह, भारत में खो-खो लीग के प्रयासों से भी इस खेल को प्रोत्साहन मिला। बाकायदा इस खेल को लोकप्रिय बनाने के लिये सलमान खान को ब्रांड एंबेसडर बनाया गया। अब विश्व कप के आयोजन से इसकी वैश्विक लोकप्रियता को बढ़ावा मिलेगा। खो-खो फेडरेशन की कोशिश है कि आने वाले वर्षों में इसे एशियाड व ओलंपिक खेलों में शामिल किया जाए। इस अभियान में सलमान खान के साथ खेल सितारे नीरज चोपड़ा का भी सहयोग मिला है। निस्संदेह, इस खेल को वैश्विक स्तर पर लोकप्रिय बनाने में हालिया विश्वकप की बड़ी भूमिका हो सकती है। विश्वास किया जाना चाहिए कि आने वाले वर्षों में भारत की मिट्टी से जुड़ा यह खेल वैश्विक स्तर पर लोकप्रियता हासिल करेगा। जरूरत इस बात की है कि इस खेल का प्रशिक्षण वैज्ञानिक तरीके से दिया जाए। खिलाड़ियों की शारीरिक व मानसिक शक्ति को मजबूत करने के लिये पर्याप्त सुविधाएं प्रदान की जाएं। तभी विश्व कप, साउथ एशियन गेम्स तथा एशियन चैंपियनशिप में मिली कामयाबी को भारतीय खिलाड़ी भविष्य में होने वाले एशियाड और ओलंपिक के मुकाबलों में दोहरा सकेंगे। भारतीय माटी से जुड़े इस खेल के लिये खिलाड़ियों की तलाश देश के आदिवासी, दूरदराज के क्षेत्रों व पर्वतीय इलाकों में की जाए। फिर उन्हें तराशकर विश्व स्तरीय खिलाड़ी तैयार किए जाएं।

# युद्धमुक्त विश्व के ट्रंप के संकल्पों की रोशनी

**अमेरिका दुनिया में अमन चाहता है और नये राष्ट्रपति ट्रंप ने यदि किसी भी देश के युद्ध में सेना नहीं भेजने का संकल्प लिया है तो इससे दुनिया में युद्ध की संभावनाओं पर विराम लगना तय है। क्योंकि अब तक शक्तिशाली राष्ट्र अमेरिका ही दुनिया मे युद्ध की भूमि तैयार करता रहा है, अपनी सेना एवं सैन्य सामान भेज कर युद्ध की भूमि को उर्वरा बनाता रहा है। विश्व समुदाय कई संकटों का सामना कर रहा है- संघर्ष और हिंसा, आतंक एवं अलगाव, युद्ध एवं राजनीतिक वर्चस्व, गरीबी एवं बेरोजगारी, लगातार सामाजिक-आर्थिक असमानताएँ, पर्यावरणीय संकट और दुनिया भर के लोगों के स्वास्थ्य और भलाई के लिए चुनौतियाँ आदि जटिलतर स्थितियों के बीच ट्रंप के नये संकल्प एवं योजनाओं की महत्वपूर्ण भूमिका हो सकती है।**

राष्ट्रपति के तौर पर अपने दूसरे कार्यकाल पर लौटने से पहले ट्रंप ने ह्यतीसरा विश्व युद्धह्ल रोकने की कसम खाकर दुनिया में शांति, अमन एवं अयुद्ध की संभावनाओं को बल दिया है। 47वें राष्ट्रपति के रूप में ट्रंप ने शपथ से एक दिन पहले गाजा में हुए युद्ध विराम का क्रेडिट भी लिया। रूस और यूक्रेन युद्ध भी खत्म करने की प्रतिबद्धता दोहरायी गयी है। बावजूद इनके विश्व युद्ध के कयास तेजी से लग रहे हैं। इसे लेकर भी कई सवाल उठते हैं कि क्या सच में तीसरा विश्व युद्ध होना इतना आसान है? लेकिन डोनाल्ड ट्रंप ने कहा, ह्यमैं यूक्रेन में युद्ध खत्म कर दूंगा। मैं मध्य पूर्व में अराजकता रोक दूंगा और मैं तीसरे विश्व युद्ध को होने से रोक दूंगा।ह्ल निश्चित ही ट्रंप के इन संकल्पों से अमेरिका में एक नए युग का आगाज हो रहा है, जो दुनिया में भी एक नई युद्ध मुक्त समाज-संरचना के बड़े बदलावों की ओर इशारा कर रहा है। राष्ट्रपति चुने जाने के बाद से ही ट्रंप कई संकेत ऐसे दे चुके हैं, जिनसे लगने लगा है कि दुनिया बदलने वाली है। ये बदलाव इस बात पर केंद्रित रहेंगे कि अमेरिका को फिर एक बार महान बनना है। यह ह्यमेक अमेरिका ग्रेट अगेनह्ल का नारा डोनाल्ड ट्रंप की एक नई पहचान बन गया है और बहुत संभावना है कि इस बार ट्रंप अपने सपने को साकार करने के लिए दुस्साहस का भी परिचय देते हुए युद्ध की मानसिकता वाले देशों की सोच में बदलाव का कारण बन जाये।



विश्व में अनेक देशों के बीच युद्ध चल रहे हैं एवं ऐसे ही युद्ध की व्यापक संभावनाएं बनी हुई हैं। विश्व युद्ध कई कारणों से शुरू हो सकते हैं। जैसे राष्ट्रवाद यानी अपने देश के प्रति अत्यधिक लगाव और अन्य देशों के प्रति घृणा। जब राष्ट्रवाद चरम पर पहुंच जाता है तो युद्ध की स्थिति पैदा हो सकती है या फिर एक शक्तिशाली देश दूसरे देशों पर अपना अधिकार जमाना चाहता है, तो इससे युद्ध की स्थिति पैदा हो सकती है। इसके अलावा देशों के बीच आर्थिक प्रतिस्पर्धा भी युद्ध का कारण बन सकती है। साथ ही धार्मिक मतभेद भी युद्ध का कारण बन सकते हैं और किसी देश में राजनीतिक अस्थिरता होने पर पड़ोसी देशों में भी अशांति फैल सकती है और युद्ध की स्थिति पैदा हो सकती है। युद्ध की इन व्यापक संभावनाओं पर ट्रंप के संकल्प से विराम लगना विश्व की समाज-व्यवस्था, आर्थिक विकास एवं सह-जीवन के लिये एक शुभ संकेत है। क्योंकि विश्व युद्ध के परिणाम बहुत ही विनाशकारी होते हैं। इसमें लाखों लोग अपनी जान गंवा देते हैं। युद्ध से देशों की अर्थव्यवस्था को भी भारी नुकसान पहुंचता है। साथ ही युद्ध से समाज में अस्थिरता फैल जाती है, महंगाई, बेरोजगारी, गरीबी बढ़ जाती है और युद्ध के बाद देशों के राजनीतिक नक्शे में बदलाव आ सकता है।

अमेरिका दुनिया में अमन चाहता है और नये राष्ट्रपति ट्रंप ने यदि किसी भी देश के युद्ध में सेना नहीं भेजने का संकल्प लिया है तो इससे दुनिया में युद्ध की संभावनाओं पर विराम लगना तय है। क्योंकि अब तक शक्तिशाली राष्ट्र अमेरिका ही दुनिया मे युद्ध की भूमि तैयार करता रहा है, अपनी सेना एवं सैन्य सामान भेज कर युद्ध की भूमि को उर्वरा बनाता रहा है। विश्व समुदाय कई संकटों का सामना कर रहा है- संघर्ष और हिंसा, आतंक एवं अलगाव, युद्ध एवं राजनीतिक वर्चस्व, गरीबी एवं बेरोजगारी, लगातार सामाजिक-आर्थिक असमानताएँ, पर्यावरणीय संकट और दुनिया भर के लोगों के स्वास्थ्य और भलाई के लिए चुनौतियाँ आदि जटिलतर स्थितियों के बीच ट्रंप के नये संकल्प एवं योजनाओं की महत्वपूर्ण भूमिका हो सकती है। आज युद्ध और तनाव की समस्या बढ़ती जा रही है। हथियारों का उत्पादन लगातार बढ़ता जा रहा है। हर देश परमाणुशक्ति संपन्न बनने के लिए प्रयासरत है। यह एक अजीबोगरीब स्थिति है। युद्ध की आशंका को खत्म करने के लिए हाथियारों का जखीरा बढ़ाया जा रहा है। पहले बीमारी पैदा की जा रही है, फिर उसके इलाज का उपाय ढूंढा जा रहा है। इसमें अब तक अमेरिका की ही सर्वाधिक भूमिका रही है, लेकिन अब उसके नये राष्ट्रपति की युद्धमुक्त विश्व संरचना की सोच से दुनिया में शांति एवं अमन कायम होगा। युद्ध से कभी किसी का भला नहीं होता। वह सदैव अपने पीछे दुख भरी यादें छोड़कर जाता है। युद्ध से किसी मां का बेटा उसे बिछड़ जाता है, किसी बहन का भाई उससे बिछड़ जाता है, कोई स्त्री अपने पति को खो देती है, कोई बेटी अपने पिता को खो देती है। इस तरह युद्ध केवल जान लेता है। इसके अलावा युद्ध से संपत्ति भी नष्ट होती है एवं विकास अवरूद्ध होता है। इसके विपरीत यदि सब जगह शांति हो, लोग आपस में नहीं लड़ें, देशों में आपस में युद्ध नहीं हो, तो विकास होता है।

ट्रंप ने अमेरिकी राजनीति के तेवर-कलेवर को तो बदला ही है और वह वहां लोकतंत्र को भी बदलने जा रहे हों, तो कोई आश्चर्य नहीं। उनकी टीम के अनेक दिग्गज परिवर्तन के आकांक्षी हैं। न जाने कितने परिवर्तन ट्रंप के शासन में लागू होंगे। उम्मीद करनी चाहिए कि ट्रंप की नई टीम अमेरिकी परंपराओं का यथासंभव निर्वाह करते हुए ही देश को फिर से महान बनाएगी। लेकिन इस बार अमेरिकी परम्पराओं में युद्ध एवं हिंसा के स्थान पर शांति, विकास एवं हथियार मुक्ति के संकल्प होना बड़ी एवं राहतभरी बात है। हालांकि, अमेरिका को महान बनाने के अभियान पर कई सवाल भी हैं। क्या अमेरिकी निर्णायकों ने मान लिया है कि अमेरिका अब महान नहीं रहा? इस अभियान के नाम से तो शायद यही लगता है कि अमेरिकी विचारकों ने अपने देश के महान न रह पाने की वजहों का पता भी लगा लिया है। उनकी नजर उन अमेरिकी चालाकियों पर भी निस्संदेह पड़ी होगी, जिनकी वजह से अमेरिकियों की अक्सर आलोचना होती है। इन वजहों में युद्ध एवं हथियारों की होड़ बड़ी वजह रही है। अनेक राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि युद्ध, हिंसा, आतंकमुक्त नये अमेरिका को विकसित करने एवं विश्व में शांति के संकल्प को देखते हुए अमेरिका को शुरू से ही भारत के साथ खड़ा रहना चाहिए। भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है और अमेरिका सबसे पुराना जीवित लोकतंत्र है, दुनिया में युद्ध एवं आतंक के खिलाफ भारत हमेशा अग्रसर रहा है, युद्ध का अंधेरा मिटाने, शांति का उजला करने एवं अहिंसा-सहजीवन की कामना ही भारत का लक्ष्य रहा है। इसीलिये भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लगातार युद्ध विराम की कोशिश करते रहे हैं।

ट्रंप के राष्ट्रपति बनने के बाद भारत और अमेरिका के रिश्तों पर क्या असर होगा, इसे लेकर विशेषज्ञ कई तरह की उम्मीदें जता रहे। जानकारों के मुताबिक, ट्रंप के आने से भारत और अमेरिका के संबंध और गहरे होंगे। चीन को लेकर दोनों देशों की चिंता इन्हें करीब लाएगी। यह ट्रेंड पिछले पांच अमेरिकी राष्ट्रपतियों के कार्यकाल जैसा ही रहेगा। क्वाड और मजबूत होगा। प्रशासन के कई विभागों में भारत के अच्छे संबंध बनेंगे। राजनीतिक और वैचारिक तालमेल भी अच्छा रहने की उम्मीद की जा रही। इसके साथ ही रक्षा, खुफिया और सुरक्षा मामलों में दोनों देशों के बीच भरोसा बढ़ेगा। टेक्नोलॉजी में सहयोग की संभावनाएं बढ़ने के आसार हैं। सबसे अहम है भारत की युद्ध एवं आतंक मुक्त विश्व बनाने की योजना, इसको लेकर ट्रंप भी आगे आये है जो नये सूरज का अभ्युदय है। लेकिन ट्रंप का नया दौर कहीं मौखिक हमलों या कटु उद्गारों तक ही सीमित न रह जाए। इसके लिये जरूरी है कि वह भारत की शांतिपूर्ण नीतियों एवं योजनाओं को अग्रसर करें। भारत सहित तमाम दुनिया यही उम्मीद करेगी कि ट्रंप दुनिया में चल रहे बड़े युद्धों और छद्म युद्धों को रोकने में सफलता हासिल करें साथ ही आतंकवाद के खिलाफ ईमानदार रवैया अपनाये ताकि नई उबरती उभरती दुनिया में अमेरिकी सचमुच महानता का वरन कर सके।

# बेजोड़ इसरो को आगे ले जाने वाला जोड़

बेशक डॉकिंग एक छोटा सा तकनीकी इंतजाम है, लेकिन यह एक ऐसा जोड़ है जिस पर भावी भारतीय अंतरिक्ष अभियानों की नींव टिकी है। इसका महत्व इतना ज्यादा है कि कामयाबी की खबर को साझा करते हुए इसरो ने दो उपग्रहों की डॉकिंग को रोमांचक हैंडशेक कहा।

गणित में दो जमा दो बेशक चार होते हैं, लेकिन जब मामला अंतरिक्षीय माहौल में की जाने वाली गणनाओं का हो, तो आसपास के माहौल में मौजूद लेकिन बदले हुए भौतिकी और रासायनिक कायदों को भी ध्यान में रखना पड़ता है। फिर चाहे बात अंतरिक्ष में लोबिया उगाने या फिर दो उपग्रहों की डॉकिंग यानी उन्हें आपस में जोड़ने की हो। बीते साल 30 दिसंबर को भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने स्पेडेक्स नाम के मिशन पर जो दो उपग्रह अंतरिक्ष में भेजे थे, उनसे जुड़ी ताजा उपलब्धि यह है कि 16 जनवरी, 2025 को उनकी सफल डॉकिंग हो गई है। यह कामयाबी ऐसी है जो इससे पहले अमेरिका, रूस और चीन ही हासिल कर पाया है। इस सफलता का महत्व इससे समझ में आता है कि अब भारत चंद्रयान-4, गगनयान और खुद के स्पेस स्टेशन के निर्माण के अलावा भावी सुदूर और जटिल अंतरिक्षीय अभियानों से जुड़े कुछ जटिल काम खुद के बूते कर पाएगा। यही नहीं, अगर इरादा अंतरिक्ष के बाजार का बड़ा खिलाड़ी बनाने का हो, तब ऐसे अभियानों का महत्व और भी बढ़ जाता है।

बहरहाल, पहले बात लोबिया की, जिसके बीजों को इसरो ने पहली बार अपनी क्षमताओं के बल पर अंतरिक्ष में अंकुरित और पल्लवित किया है। पृथ्वी के मुकाबले अंतरिक्ष में बीजों के अंकुरण और विकास का पैटर्न काफी अलग होता है। इसका कारण है अंतरिक्ष का सूक्ष्म अथवा शून्य गुरुत्वाकर्षण, जिसमें बीज और पौधे अपने विकास का अलग ढंग अपनाते हैं। धरती के मुकाबले पौधे जीरो ग्रैवेटी में सभी दिशाओं में बढ़ सकते हैं। खुले अंतरिक्ष में तो नहीं, लेकिन अंतरिक्षयान या उपग्रह में अथवा चंद्रमा या मंगल की मिट्टी में बीजांकुरण और पल्लवन के लिए आवश्यक पोषक तत्वों (नाइट्रोजन, फास्फोरस, पोटेशियम, कैल्शियम, मैग्नीशियम और सल्फर) के अलावा आयरन, जिंक, मैंगनीज और कॉपर जैसे तत्वों की भी जरूरत होती है, जो सूक्ष्म गुरुत्वाकर्षण (माइक्रोग्रैविटी) में पौधे के विकास में मदद करते हैं।

ऐसी जटिलताओं के साथ जब इसरो ने अपने एक मिशन पर गए दो उपग्रहों के जरिए लोबिया के आठ बीजों को कॉम्पैक्ट रिसर्च मॉड्यूल फॉर ऑर्बिटल प्लांट स्टडीज के तहत पीएसएलवी-सी60 पीओईएम-4 प्लेटफॉर्म पर उगाने की कोशिश



की, तो अभियान के चौथे दिन ही उनमें अंकुर दिखाई दे गए। अगले कुछ दिनों में लोबिया की पत्तियां भी निकल आई हैं। ध्यान रहे कि लोबिया के बीजों को जिन उपग्रहों के साथ इसरो ने अंतरिक्ष में भेजा था, यह वही स्पेडेक्स मिशन है जिसमें एक बड़ी कामयाबी 16 जनवरी को मिली है। शून्य गुरुत्वाकर्षण की स्थितियों में दो उपग्रहों की डॉकिंग लोबिया के बीजों को अंकुरित करने के मुकाबले और भी कठिन थी क्योंकि ये दोनों उपग्रह करीब 29 हजार किलोमीटर प्रति घंटा की गति से पृथ्वी की कक्षा में भाग रहे थे।

अंतरिक्ष में डॉकिंग का अर्थ दो पृथक इकाइयों को परस्पर संबद्ध करने या जोड़ने से लगाया जाता है। अंतर्राष्ट्रीय स्पेस स्टेशन पर नए यात्रियों या रसद को पहुंचाना हो तो धरती से भेजे गए यान को स्पेस स्टेशन से जोड़ना पड़ता है। यहां तक कि स्पेस स्टेशन के निर्माण की प्रक्रिया में भी यही डॉकिंग तकनीक काम आती है जब कई उपकरण और प्लेटफार्म टुकड़ा-दर-टुकड़ा जोड़ने होते हैं। एक बड़े मिशन में कई बार अनेक रॉकेट या यान अंतरिक्ष में भेजने पड़ते हैं। इनकी अनेक बार मूल प्लेटफार्म या दूसरे उपग्रहों अथवा यानों से डॉकिंग करानी पड़ती है। दो उपग्रहों या दो प्लेटफॉर्म अंतरिक्ष में सफलता से जोड़ना आसान नहीं है। असली कारण तो है शून्य गुरुत्वाकर्षण, जिसमें बोतल से छिटकी पानी की एक बूंद भी पल भर में कहां से कहां पहुंच जाती है, पता नहीं चलता। ऐसे में किसी यांत्रिक प्रबंध के नट-स्क्रू कहां और कैसे जुड़ जाएं और क्या पता जोड़े ही न जा सकें- कहा नहीं जा सकता है। लेकिन इस बेहद जटिल काम में महारत हासिल हो जाए तो फिर बात चाहे चंद्रयान-4 की हो या फिर गगनयान या भारतीय स्पेस स्टेशन की, लगता है कि अब इन अभियानों की सफलता में ज्यादा संदेह नहीं है। चंद्रयान-4 के संदर्भ में भी कहा जा सकता है कि उसमें इन-स्पेस डॉकिंग तकनीक काफी काम आएगी।

उपलब्ध जानकारी के मुताबिक चंद्रयान-4 मिशन के तहत इसरो दो रॉकेटों क्रमशः एलएमवी-3 और पीएसएलवी के जरिए अलग-अलग उपकरणों के दो सेट चंद्रमा पर लॉन्च करेगा। इसके अलावा अंतरिक्ष यान का एक मॉड्यूल भी चंद्रमा की सतह पर उतरेगा, जहां से यह चंद्रमा की मिट्टी और चट्टानों के नमूने एकत्र करेगा। नमूनों को जमा करने के बाद उन्हें एक बॉक्स में रखेगा और फिर चंद्रमा की परिक्रमा कर रहे यान से जुड़ने के बाद पृथ्वी पर वापस आएगा। इस पूरी योजना में डॉकिंग और अनडॉकिंग- इन दोनों ही तकनीकों का बेहद सूक्ष्मता और सावधानी से इस्तेमाल करना होगा। उपग्रहों की देखरेख (सैटेलाइट सर्विसिंग), लंबी दूरी के अंतरिक्ष अभियानों (इंटरप्लेनेटरी मिशनों) और इंसानों को चंद्रमा पर भेजने में भी यह तकनीक काफी मददगार साबित हो सकती है। बेशक डॉकिंग एक छोटा सा तकनीकी इंतजाम है, लेकिन यह एक ऐसा जोड़ है जिस पर भावी भारतीय अंतरिक्ष अभियानों की नींव टिकी है। इसका महत्व इतना ज्यादा है कि कामयाबी की खबर को साझा करते हुए इसरो ने दो उपग्रहों की डॉकिंग को रोमांचक हैंडशेक कहा।

डॉकिंग के छोटे लेकिन महत्वपूर्ण काम के लिए इसरो ने 30 दिसंबर, 2024 को श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से रॉकेट पीएसएलवी-सी60 के जरिए एसडीएक्स-01 और एसडीएक्स-02 नाम के दो छोटे उपग्रह पृथ्वी की निचली कक्षा में करीब 475 किलोमीटर ऊपर भेजे थे। इनमें से एक उपग्रह पीछा करने वाले (चेजर) और दूसरा लक्ष्य (टारगेट) की भूमिका में था। मकसद था कि पहले इन उपग्रहों की सफल डॉकिंग कराई जाए। इसके बाद के चरणों में अंतरिक्ष यानों से परस्पर ऊर्जा का हस्तांतरण करना और अनडॉकिंग (जुड़ने के बाद उपग्रहों के एक दूसरे से मुक्त होने की प्रक्रिया) के बाद पेलोड का संचालन करना शामिल है। दो साल की अवधि में स्पेडेक्स मिशन के तहत इन सभी चरणों की सफलता साबित करेगी कि इसरो अंतरिक्ष में दो यानों को डॉक और अनडॉक करने के मामले में कितनी काबिलियत रखता है। भारत से पहले यह क्षमता अमेरिका, रूस और चीन हासिल कर चुके हैं।

# निजीकरण के विरोध में बिजली कर्मचारियों का प्रदर्शन

## 23 जनवरी को करेंगे विरोध,मथुरा में काली पट्टी बांधकर जताया आक्रोश

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

मथुरा। निजीकरण के विरोध में विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति द्वारा आंदोलन किया जा रहा है। काली पट्टी बांधकर कर्मचारी विरोध सभा एवं प्रदर्शन कर रहे हैं। सोमवार को भी कैंट कार्यालय पर प्रदर्शन कर निजीकरण के विरोध किया गया। 21 जनवरी मंगलवार को भी काली पट्टी बांधने का अभियान जारी रहेगा। इस मौके पर संघर्ष समिति मथुरा के पदाधिकारी राहुल चौरसिया, सचिन द्विवेदी, शुभम अग्रवाल , पंकज शर्मा , गया सिंह, मानवेंद्र सिंह, निविदाकर्मी राजवीर, अशोक शर्मा आदि बिजली इंजीनियर एवं कर्मचारी मौजूद रहे। निजीकरण के विरोध में 23 जनवरी को सभी प्रान्तों में प्रदर्शन होंगे। नेशनल कोआर्डिनेशन कमेटी ऑफ इलेक्ट्रिसिटी इंप्लाइज एंड इंजीनियर्स (एनसीसीओईईई) ने यूपी और चंडीगढ़ में बिजली के निजीकरण के विरोध में देशव्यापी विरोध प्रदर्शन का ऐलान किया है। सोमवार को प्रदेश के बिजली कर्मचारियों, संविदा कर्मियों और अभियंताओं ने पूरे दिन काली पट्टी बांधकर निजीकरण का विरोध किया। सभी जनपदों और परियोजनाओं पर भोजनावकाश या कार्यालय समय के बाद विरोध प्रदर्शन किए गए। मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, बुलंदशहर, गाजियाबाद, नोएडा, मुरादाबाद, बरेली, देवीपाटन, अयोध्या, सुल्तानपुर, हरदुआगंज, पारीछा, जवाहरपुर, पनकी, ओबरा, पिपरी, अनपरा, वाराणसी, गोरखपुर, प्रयागराज, मिजार्पुर, आजमगढ़, बस्ती, अलीगढ़, मथुरा, झांसी, बांदा, आगरा, कानपुर में सभाएं हुईं। संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने लखनऊ में लेसा, मध्यांचल मुख्यालय, पारेषण भवन, एसएलडीसी, उत्पादन निगम और शक्ति भवन मुख्यालय पर सभाओं को संबोधित किया। ट्रांजैक्शन कंसल्टेंट नियुक्त करने हेतु प्री बिडिंग कांफ्रेंस को तत्काल रद्द किए जाने की मांग की। नेशनल कोआर्डिनेशन कमेटी ऑफ इलेक्ट्रिसिटी इंप्लाइज एंड इंजीनियर्स के निर्णय के अनुसार यूपी में निजीकरण के लिए होने वाली प्री बिडिंग कांफ्रेंस के विरोध में 23 जनवरी को और चंडीगढ़ में निजीकरण के विरोध में 31 जनवरी को देशभर में मुख्यालयों पर विरोध प्रदर्शन किए जाएंगे।



# संभल के DM को प्रेमानंद महाराज ने दिया अर्जुन का उदाहरण...बताया किस तरह करें अपने कर्म, दिया ज्ञान

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**



मथुरा। व्रन्दावन में संत प्रेमानंद महाराज ने जिलाधिकारी से कहा कि भगवान की कृपा से ही सेवा करने को मिलती है। इसलिए इसका निर्वाह करते रहना चाहिए। इस दौरान व्यवधान आएंगे, लालच के प्रभाव में नहीं आना है और ना ही डरना है। अपने जो अधिकार है उनके अनुसार देश की सेवा करते रहें। उन्होंने कहा कि सेवा के साथ ही भगवान का स्मरण एवं जाप करते रहें। क्योंकि जीवन का लक्ष्य भगवान की प्राप्ति है। संत प्रेमानंद ने डीएम को समझाया कि लक्ष्य हासिल करने के लिए हमें भजन करना चाहिए। आपको जिला संभालने का मौका मिला है। सेवाएं भले ही अलग-अलग हों लेकिन ईनाम दोनों को एक ही मिलेगा। उन्होंने कहा कि यदि ईमानदारी एवं सत्य के भाव से नाम जप करते हैं तो आप महात्मा हैं। उन्होंने संभल डीएम को कुरुक्षेत्र में अर्जुन और कृष्ण का एक संवाद सुनाते हुए कहा कि अर्जुन कहते हैं कि संन्यास लेकर भगवान का भजन करूंगा, लेकिन भगवान उन्हें ऐसा करने से मना करते हैं और कहते हैं कि इस समय धर्म युद्ध चल रहा है युद्ध लड़ो यही कत्र्तव्य है। उन्होंने डीएम को अपने कत्र्तव्य का पालन करते हुए नाम जप करते हुए देश की सेवा करने की सीख दी। इससे वह एक उत्तम अधिकारी माने जाने के साथ ही यह भगवान की सेवा भी मानी जाएगी। डीएम ने संत प्रेमानंद से कहा कि वह चाय नहीं पीते है और ना ही उनके घर में कोई लहसुन प्याज खाते है। वह प्रतिदिन गीता का पाठ करते हैं और एक घंटे से ज्यादा पूजा करते हैं। इस पर संत ने कहा कि इसलिए आप साधु संतों की शरण में आए हैं।

संत ने कहा कि भगवान ने जो वृत्ति दी है वह किसी को बताना गलत नहीं है। भगवान ने हमें बनाया है। अपने आकर्षण के बारे में अपने माता-पिता को बता दो। संत ने कहा कि जो माता-पिता अपने बच्चों की बात को नहीं समझते हैं और जबरदस्ती करते हैं, उन्हें ऐसा नहीं करना चाहिए। उन्हें बच्चों के मन को भी समझने की जरुरत है।

# मथुरा में महिला थाना के सामने जमकर चले लात-घूंसे:समझौते के लिए पहुंचा था लड़की और लड़का पक्ष



मथुरा। सदर बाजार थाना क्षेत्र के अंतर्गत आनेवाले महिला पुलिस स्टेशन में दो पक्ष के लोग समझौते के लिए आएं थे। जैसे ही ये लोग बाहर निकले, इनके बीच जमकर बीच सड़क पर मारपीट हो गई।इस मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। पुलिस स्टेशन के बाहर और पुलिस के सामने इस तरह से मारपीट होने के कारण अब पुलिस पर भी सवाल उठ रहे है। इस घटना के बाद पुलिस ने दोनों पक्षों के 8 लोगों को हिरासत में लिया है। फोटो में देख सकते है की बीच सड़क पर ये लोग आपस में मारपीट कर रहे है। इसमें एक के कपड़े भी फट गए है।

जानकारी के मुताबिक थाना क्षेत्र छाता के प्रेमपाल की बेटी मनीषा की शादी साल 2020 में फरीदाबाद के करण से हुई थी। इसके कुछ समय बाद दोनों के बीच लड़ाई झगड़ा शुरू हो गया और महिला पुलिस स्टेशन तक मामला जा पहुंचा। इसके बाद जब दोनों तरफ के लोग पुलिस स्टेशन पहुंचे तो दोनों को समझाकर घर जाने के लिए कहा गया। इसके बाद बाहर निकलने पर इनमें विवाद शुरू हो गया और दोनों पार्टी के लोगों के बीच जमकर मारपीट होने लगी।पुलिस स्टेशन के बाहर निकलते ही इन लोगों ने मारपीट शुरू कर दी। इस मारपीट को देखने के लिए सड़क पर काफी भीड़ जमा हो गई। काफी देर तक इनके बीच मारपीट होती रही। कुछ देर पुलिस पहुंची और दोनों को शांत करवाया और कुछ लोगों को हिरासत में लिया।

# सरकारी स्कूलों में निर्माण कार्यों की जांच में हो रही लापरवाही, अधिकारी नाराज

मथुरा। राजकीय विद्यालयों में चल रहे निर्माण कार्यों की जांच में समिति की लापरवाही सामने आ रही है। समिति द्वारा जांच रिपोर्ट नहीं दी है। इस कारण दूसरी किस्त अटक गई है। डीएम ने भी नाराजगी व्यक्त की है और जल्द रिपोर्ट देने के निर्देश दिए। जिला विद्यालय निरीक्षक से समिति को पत्र लिखकर जांच रिपोर्ट शीघ्र देने का अनुरोध किया है। छात्र-छात्राओं को सुविधा देने को राजकीय विद्यालयों में विकास कार्य कराए जा रहे हैं। सांस्कृतिक गतविधियों को बढ़ावा देने को सुविधा विकसित की जा रही हैं। विद्यालयों का सुंदरीकरण किया जा रहा है। विद्यालयों में बहुउद्देश्यीय हॉल, शौचालय, पेयजल सुविधा आदि कार्य कराए जा रहे हैं। इन कार्यों की गुणवत्ता का पता लगाने को डीएम तीन सदस्यीय कमेटी गठित की थी। इसमें प्रत्येक ब्लॉक में बीडीओ, पीडब्ल्यूडी के सहायक अभियंता, आरईडी के सहायक अभियंता को रखा था। समिति द्वारा अभी तक जांच रिपोर्ट नहीं दी गई है। पिछले हफ्ते डीएम ने भी समिति द्वारा रिपोर्ट ने देने पर नाराजगी व्यक्त की थी और जल्द जांच रिपोर्ट देने के निर्देश दिए थे। जिला विद्यालय निरीक्षक रविंद्र सिंह ने अब जांच कमेटी को पत्र लिखे हैं और जल्द रिपोर्ट देने का अनुरोध किया है, ताकि कार्य लगातार चलता रहे। जांच रिपोर्ट न आने पर दूसरी किस्त रुक सकती है और कार्य पूरा होने में देरी संभव है। 22 राजकीय विद्यालयों में बहुउद्देश्यीय हॉल का निर्माण हो रहा है।

यह कार्य करीब 47 लाख रुपये से हो रहा है। सात विद्यालयों में 22 लाख की लागत से शौचालय ब्लाक का निर्माण हो रहा है। 15 विद्यालयों में चार लाख की लागत से पेयजल की सुविधा विकसित की जा रही है। इन कार्यों के लिए 50 प्रतिशत धनराशि भी जारी हो चुकी है। जिला विद्यालय निरीक्षक रविंद्र सिंह ने बताया कि विद्यालयों में चल रहे कार्य की जांच समिति को करनी है। जांच रिपोर्ट जल्द से जल्द उपलब्ध कराने को पत्र लिखा गया है।

# जनपद में 24 जनवरी को उत्तर प्रदेश दिवस का सूरसदन में होगा भव्य आयोजन

**एनपीटी, ब्यूरो**



आगरा। जनपद में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी 24 से 26 जनवरी तक उत्तर प्रदेश दिवस का आयोजन किया जा रहा है, वर्ष 2025 के उत्तर प्रदेश दिवस आयोजन की मुख्य थीम ह्लविकास व विरासत, प्रगति पथ पर उत्तर प्रदेशह्न है, जिसमें निवेश एवं रोजगार पर आधारित संगोष्ठियां , रोड शो, उद्यमी सम्मेलन आदि कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे तथा उ0प्र0 समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, डिजिटल उ0प्र0, साइबर सुरक्षा व उन्नत प्राकृतिक कृषि, जन कल्याणकारी योजनाओं में उत्तर प्रदेश की विकास यात्रा पर उद्योग विभाग,खादी एवं ग्रामोद्योग, डूडा, मत्स्य, उद्यान, स्वास्थ्य, कृषि,महिला एवं बाल विकास, शिक्षा,संस्कृति व पर्यटन, सूचना विभाग,एमएसएमई द्वारा स्टॉल, नगरीय विकास विभाग द्वारा महा कुंभ की थीम पर प्रदर्शनी, संस्कृति व पर्यटन तथा सूचना विभाग द्वारा उत्तर प्रदेश की विकास यात्रा पर प्रदर्शनी अन्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण द्वारा उद्यमियों, व्यवसायिकयों व स्वयं सहायता समूहों के उत्पादों विषयों पर प्रदर्शनी भी लगाई जायेंगी। कार्यक्रम को पूरी भव्यता व गरिमा के साथ सम्पन्न कराये जाने हेतु बैठक में नोडल अधिकारियों को दायित्व सौंपे गए हैं, कार्यक्रम में विभिन्न विभागों द्वारा विभागीय योजनाओं, जनपद के विकास कार्यों, उपलब्धियों एवं पर्यटन से सम्बंधित स्टॉल लगाकर वृहद प्रचार-प्रसार कराये जायेंगे, साथ ही विभागीय गतिविधियों का डिस्प्ले भी कराये जायेंगे। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों द्वारा चित्रकला,भाषण, रंगोली, खेल प्रतिस्पर्धा आदि का आयोजन कर विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित किया जायेगा,कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश दिवस के अवसर पर विभिन्न विभागों के उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र, पात्र लाभार्थियों को विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित कर सम्मानित किया जाएगा।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी महोदया ने सभी तैयारियां ससमय पूर्ण करने को निर्देशित किया। बैठक में अपर जिलाधिकारी (प्रोटोकॉल) प्रशांत तिवारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अरुण श्रीवास्तव, जिला विकास अधिकारी राकेश रंजन, अपर नगरायुक्त सुरेंद्र यादव, संयुक्त आयुक्त उद्योग अनुज कुमार, उप निदेशक कृषि पुरुषोत्तम मिश्रा,पीडी डीआरडीए रेणु कुमारी, डीपीआरओ मनीष कुमार, क्षेत्रीय खेल अधिकारी सहित संबंधित विभागों के अधिकारीगण मौजूद रहे।

# केंद्रीकृत ट्रेन संचालन डिस्पले एवं आपदा प्रबंधन कक्ष का मण्डल रेल प्रबंधक द्वारा किया गया उद्घाटन



**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

आगरा। सिस्टम में सुधार और परेशानी मुक्त संचालन की दिशा में आगरा मण्डल द्वारा एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए। दिनांक 21.01.2025 को केंद्रीकृत ट्रेन संचालन डिस्पले एवं आपदा प्रबंधन कक्ष का उद्घाटन मण्डल रेल प्रबंधक तेज प्रकाश अग्रवाल द्वारा किया गया। उक्त प्रणाली द्वारा धौलपुर से लेकर पलवल तक लाइव ट्रेन संचालन देखा जा सकता है। इसके द्वारा लगभग 23 रेलवे स्टेशन एवं इसके मध्य पड़ने वाले गेट पर ट्रेन संचालन देखा जा सकता है। उक्त प्रणाली 48/ 4.5 फीट वीडियो वॉल बनाई गई है। आपदा के समय रेलवे के सभी विभाग बेहतर समन्वय कर सकेंगे। उक्त प्रणाली आपदा के समय में बहुत कारगर सिद्ध होगी। भविष्य में आगरा मण्डल में ट्रेन संचालन का आशातीत सुधार होगा। उपरोक्त प्रणाली को लगाने हेतु मण्डल रेल प्रबंधक द्वारा अथक प्रयास किए गए और तय समय से पूर्व उपरोक्त कार्य कर लिया गया है। इस अवसर पर मण्डल रेल प्रबंधक श्री तेज प्रकाश अग्रवाल, अपर मण्डल रेल प्रबंधक इंफ्रा, शाखाधिकारी एवं मण्डल के अधिकारी उपस्थित रहे।

# मौलाना शहाबुद्दीन ने हलाल प्रकरण पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले को बताया सही

बरेली। ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि हलाल प्रमाणन (हलाल सर्टिफिकेट) काफी वर्षों से दिया जा रहा था। इस मजहबी मामले को कुछ लोगों ने गलत तरीके से इस्तेमाल करना शुरू कर दिया था। कोई भी चीज सिर्फ एक कागज का टुकड़ा पकड़ा देने से हलाल नहीं होती, जब तक कि शरीयत के बताए हुए तरीके को न अपनाया जाए।

मौलाना ने कहा कि अगर कोई व्यक्ति या कोई संस्था कागज का प्रमाणपत्र देती है तो उससे नाजायज चीज जायज और हराम चीज हलाल नहीं हो सकती। जो लोग भी इस तरह का खेल कर रहे हैं, वो एक तरीके से कौम से खिलवाड़ कर रहे हैं। इस संबंध में सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिया गया आदेश बिल्कुल सही है। यहां बता दें कि सुप्रीम कोर्ट में यूपी सरकार ने नवंबर 2023 में यूपी में हलाल प्रमाणित उत्पादों पर प्रतिबंध लगाने को उचित ठहराया है। कहा है कि गैर-हलाल प्रमाणित उत्पादों के उपयोग को हतोत्साहित करने के लिए 'दुर्भावनापूर्ण प्रयास' किए जा रहे हैं, जो न केवल अनुचित वित्तीय लाभ चाहते हैं बल्कि इसका हिस्सा भी हैं। वर्ग द्वेष फैलाने, विभाजन पैदा करने और राष्ट्र-विरोधी तत्वों द्वारा देश को कमजोर करने की एक बड़ी रणनीति है।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में तहसील फरीदपुर में सम्पूर्ण समाधान दिवस का हुआ आयोजन

बरेली। जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार की अध्यक्षता में जनपद बरेली की तहसील फरीदपुर के सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस (तहसील दिवस) का आयोजन हुआ। जहां जनसामान्य की समस्याओं को सुनकर उनके ससमय एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। सम्पूर्ण समाधान दिवस में राजस्व, राशन, विद्युत, अवैध कब्जा, पुलिस, चकबंदी, स्वास्थ्य, शिक्षा और विकास विभाग आदि से संबंधित शिकायते प्राप्त हुई। सम्पूर्ण समाधान दिवस में शिकायतकर्ता गंगाराम पुत्र दीपचन्द्र निवासी ग्राम सुकटिया सिंघावारी ने बताया कि ग्राम में अम्बेडकर पार्क की खाली जगह में गांव के कुछ लोगों ने कूड़ा व नाली का गंदा पानी आदि डालते हैं, जिस पर जिलाधिकारी ने एडीओ पंचायत भुता को जांच कर सम्बंधित के विरूद्ध आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

# मण्डलायुक्त शैलेन्द्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में सम्भागीय परिवहन प्राधिकरण की बैठक 28 जनवरी को।

**एनपीटी, ब्यूरो**



आगरा। सचिव, सम्भागीय परिवहन प्राधिकरण अरूण कुमार ने अवगत कराया है कि मण्डलायुक्त शैलेन्द्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में सम्भागीय परिवहन प्राधिकरण, आगरा की बैठक दिनांक 28.01.2025 को सायं 04:00 बजे से मण्डलायुक्त कार्यालय, आगरा के सभागार कक्ष में आहूत की गई है। इस बैठक में माननीय राज्य परिवहन अपीलीय (न्यायाधिकरण), लखनऊ द्वारा पारित निर्णय का अनुपालन, निजी मार्गों पर मंजिली गाड़ियों के स्थायी सवारी गाड़ी परमिटों की स्वीकृति हेतु प्राप्त आवेदनों, मार्ग के व्यावर्तीकरण तथा अन्य लम्बित प्रकरणों पर विचार किया जायेगा। उन्होंने सम्बन्धितों से आग्रह किया है कि तद्नुसार बैठक में अपना पक्ष प्रस्तुत करने हेतु स्वयं या अपने प्रतिनिधि के माध्यम से उपस्थित हों। उन्होंने आगे यह भी अवगत कराया है कि बैठक में उपस्थित होने हेतु कोई सूचना पृथक से प्रेषित नहीं की जायेगी, यदि बैठक की तिथि में कोई परिवर्तन होता है तो उक्त तथ्य की सूचना समाचार पत्रों के माध्यम से प्रकाशित की जायेगी।

# बसंत पंचमी से गालों पर गुलाल लगाकर दर्शन देंगे बांकेबिहारी

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**



मथुरा। व्रन्दावन के मंदिरों की नगरी अब होली के रंगों में सराबोर होगी। बसंत पंचमी (तीन फरवरी) से मंदिरों में अबीर गुलाल उड़ने लगेगा। ठाकुर बांकेबिहारी महाराज इस दिन दोनों गालों पर गुलाल लगवाकर भक्तों को दर्शन देंगे। पंचमी से धुलैंडी तक बिहारीजी को रोजाना गुलाल का प्रसाद लगाकर भक्तों पर बरसाया जायेगा। बसंत पंचमी से मंदिरों की नगरी में होली की शुरूआत हो जाएगी। मंदिरों में अबीर गुलाल उड़ना शुरू हो जायेगा। ठाकुर बांकेबिहारी मंदिर में सेवायत गोस्वामी थाली में प्राकृतिक गुलाल रखकर ठाकुरजी को भोग लगाएंगे और फिर ठाकुरजी के दोनों गालों पर गुलाल लगाकर भक्तों पर बरसाएंगे। यह क्रम पंचमी से शुरू होकर धुलैंडी तक चलेगा, जबकि रंगभरनी एकादशी से रंगों की भी शुरूआत हो जाएगी। मंदिर के प्रबंधक मुनीश शर्मा ने बताया कि बसंत पंचमी को श्रंगार आरती के बाद से अबीर गुलाल का बरसना शुरू हो जाएगा। इस दिन से ठाकुरजी के दोनों गालों पर गुलाल लगाया जायेगा और 40 दिवसीय होली उत्सव के दौरान धुलैंडी तक गालों पर रंग लगा दिखाई देगा। रंगभरनी एकादशी से रंगों की भी शुरूआत हो जाएगी और 14/15 मार्च तक होली का आयोजन मनाया जायेगा। वृंदावन में शाहजी मंदिर में बसंती पंचमी के दिन बसंती कमरा खुलेगा जिसमें ठाकुर श्रीराधारमण महाराज रंगबिरंगी रौशनी से सजे कमरे में दर्शन देंगे। मंदिर के प्रबंधक प्रशांत शाह ने बताया कि तीन फरवरी को सुबह 10 बजे से दोपहर 12 तक, सायं पांच से नौ बजे तक, चार फरवरी को सायं पांच बजे से रात्रि नौ बजे तक बसंती कमरा खुलेगा।

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में 210 जोड़ों का हुआ विवाह

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

चित्रकूट ब्यूरोः समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत मंगलवार को राष्ट्रीय रामायण मेला परिसर सीतापुर चित्रकूट में 210 जोड़ों का सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ जनप्रतिनिधियों व प्रशासनिक अधिकारियों ने भगवान गणेश के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलन व माल्यार्पण कर किया।

कार्यक्रम में श्रम एवं सेवायोजन विभाग राज्यमंत्री व जनपद के प्रभारी मंत्री मनोहर लाल (मन्नू कोरी) ने कहा कि इस पावन भूमि चित्रकूट धाम में भगवान कामतानाथ एवं श्रीराम की कृपा से पूरे जनपद चित्रकूट के सभी विकासखंडों नगर निकायों से कुल 210 जोड़ों की शादियां हुई है। उन्होंने सभी नवविवाहित जोड़ों को बधाई देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा गरीब कन्याओं की शादियों के लिए यह योजना चलाई जा रही है। जिसमें सरकार द्वारा कुल 51 हजार रुपए प्रति जोड़ा सामूहिक विवाह में खर्च किया जाता है। इसमें बेटियों के खाते में शासन द्वारा 35 हजार रुपए भेजा जाता है तथा 10 हजार रुपए



की सामग्री दी जाती है तथा ही 6,000 रुपए वैवाहिक कार्यक्रम में खर्च किया जाता है। कहा कि सभी लोग सुखमय जीवन व्यतीत करें तथा आपस में किसी प्रकार का विवाद न करें। साथ ही अपने माता-पिता व सास-ससुर का विशेष ध्यान रखें। कहा कि प्रयागराज महाकुंभ मेला 144 वर्ष बाद प्रधानमंत्री तथा मुख्यमंत्री के नेतृत्व में भव्य तरीके से मनाया जा रहा है। आप लोग इस महाकुंभ का लाभ ले तथा गंगा-यमुना-सरस्वती के संगम में स्नान करें। कहा कि सभी पात्र सरकार द्वारा चलाई जा रहीं विभिन्न योजनाओं का लाभ लें। भाजपा जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी ने सभी नवविवाहित जोड़ों को बधाई देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। सभी नवदंपति विवाह के दौरान दिए गए सातों वचनों का पालन अवश्य करें। जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने बताया कि राष्ट्रीय रामायण मेला परिसर में 210 जोड़ों का विवाह हुआ है।

जिसमें बौद्ध धर्म रीत रिवाज के अंतर्गत 15 जोड़ो का विवाह हुआ। सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा पंजीकृत दल मां भगवती संगीत पार्टी द्वारा विवाह कार्यक्रम आयोजित कराया गया। कार्यक्रम में जिला समाज कल्याण अधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह भदौरिया ने जिले के प्रभारी मंत्री सहित सभी जनप्रतिनिधियों तथा अधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए अंग वस्त्र देकर स्वागत किया। प्रभारी मंत्री सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने वर-वधू को विवाह प्रमाण पत्र व सामग्री वितरित कर आशीर्वाद भी दिया। गायत्री शक्तिपीठ के उपाचार्यो द्वारा विधि विधान से विवाह संपन्न कराया गया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक साकेत बिहारी शुक्ला ने किया।

इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष ललितपुर कैलाश नाथ निरंजन, जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, पूर्व सांसद भैरव प्रसाद मिश्र, ब्लॉक प्रमुख मानिकपुर अरविंद मिश्रा, मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर, अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी, अपर उप जिलाधिकारी राकेश कुमार पाठक, उप जिलाधिकारी मानिकपुर मोहम्मद जसीम, पुलिस क्षेत्राधिकारी नगर राजकमल, डीसी मनरेगा धर्मजीत सिंह, एआईजी स्टांप श्याम सुंदर, सहायक निदेशक मत्स्य भानु चंद्रा, जिला प्रोबेशन अधिकारी पंकज कुमार मिश्रा, श्रमायुक्त आरके गुप्ता, खंड विकास अधिकारी मानिकपुर शैलेंद्र सिंह, मऊ ओम प्रकाश, नगर पंचायत मानिकपुर भारत सिंह, मऊ राजापुर बालकृष्ण गौतम, भाजपा नेता सुरेश अनुरागी, पन्नालाल, घनश्याम, सहित संबंधित अधिकारी तथा जनप्रतिनिधि व वर-वधु के परिवारिक जन मौजूद रहे।

# श्रीमद्भागवत कथा के अंतिम दिन सुदामा चरित्र की सुनाई कथा

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

चित्रकूट ब्यूरोः जिले के बिहारा गांव स्थित रामसैया में चल रही सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का सोमवार को हवन-पूजन के साथ समापन हो गया। कथा के अंतिम दिन कथा व्यास विकास शुक्ला ने सुदामा चरित्र का मार्मिक वर्णन किया।

कथा सुनाते हुए कथा वाचक विकास शुक्ला ने कहा कि सुदामा संसार के सबसे अनोखे भक्तों में से एक थे। भले ही वह बाहरी रूप से गरीब थे, लेकिन उनके मन की धनवानता उन्हें अन्य भक्तों से अलग करती है। उन्होंने अपने जीवन के सभी सुख-दुख भगवान की इच्छा पर समर्पित कर दिए। कथा में श्रीकृष्ण और सुदामा के मिलन का प्रसंग सुनकर श्रद्धालु



भावविभोर हो गए। कथा व्यास ने समझाया कि सच्ची मित्रता का अर्थ है बिना किसी भेदभाव के मित्र की भावनाओं को समझना। उन्होंने कहा कि अगर मित्र सच्चा है, तो वह श्रीकृष्ण और सुदामा की तरह होना चाहिए। कथा के दौरान महिलाओं ने भजन-कीर्तन कर माहौल को भक्तिमय बना दिया। श्रद्धालुओं ने भक्ति रस का आनंद लिया और भगवान की महिमा का गुणगान किया। कथा के समापन पर कथा व्यास विकास शुक्ला ने विधि-विधान से हवन संपन्न कराया। इसके बाद श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। गांववासियों ने गाजे-बाजे के साथ श्रीमद्भागवत कथा की शोभायात्रा निकाली। एक सप्ताह चली इस कथा ने पूरे गांव को भक्तिमय बना दिया। श्रद्धालुओं ने इसे अपने जीवन का सौभाग्य बताया। आयोजकों और गांववासियों ने कथा को सफल बनाने के लिए हर संभव प्रयास किया।

## परेड की सलामी लेकर एएसपी ने किया निरीक्षण

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

चित्रकूट ब्यूरोः अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी ने मंगलवार को पुलिस लाइन्स पहुंचकर परेड की सलामी लेते हुए निरीक्षण किया। साथ ही आगामी गणतंत्र दिवस के दृष्टिगत रैतिक परेड की रिहर्सल कराई गई।

मंगलवार को अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी ने पुलिस लाइन्स साप्ताहिक परेड की सलामी लेकर परेड का निरीक्षण किया। साथ ही आगामी गणतंत्र दिवस के दृष्टिगत रैतिक परेड की रिहर्सल भी कराई तथा आवश्यक सुधार के लिए प्रतिसार निरीक्षक को निर्देशित किया। इसके बाद अपर पुलिस अधीक्षक ने पुलिस लाइन्स में बने आरक्षी बैरिक, परिवहन शाखा, सीपीसी कैंटीन, साइबर क्राइम थाना, डायल 112 कार्यालय व भोजनालय आदि का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। एएसपी ने क्वार्टर गार्द का भी निरीक्षण कर सलामी ली। साथ ही पुलिस कर्मियों का अर्दली रुम किया।

## छठवें दिन की कथा में सुनाई गई चारों भाईयों के विवाह की कथा

चित्रकूट ब्यूरोः जिला मुख्यालय के शंकर बाजार स्थित गुप्ता मैरिज हॉल में चल रही श्रीराम कथा के छठवें दिन मंगलवार को कथा व्यास माधवी नें चारो भाइयों श्रीराम, लक्ष्मण, शत्रुघ्न व भरत के विवाह की कथा का मार्मिक वर्णन कर श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। कथा व्यास माधवी ने प्रभु श्रीराम समेंत चारो भाइयों की विवाह कथा का बड़ा ही सजीव वर्णन कर श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। उन्होंने कहा कि बारात अयोध्या वापस आयी और माता कौशल्या सभी बहुओ को अत्यंत प्रेम करती है, परन्तु कुमति रूपी कुबरी ने माता कैकेई की वुद्धि परिवर्तित कर दी। जिसके बाद माता कैकेई ने राजा दशरथ से भगवान के लिए चैदह वर्ष का वनवास मांग लिया और भरत के लिए राजगद्दी। इस दौरान उन्होंने दहेज प्रथा को लेकर जमकर कटाक्ष किया। कहा कि दहेज का दानव दिनों-दिन बढ़ता ही जा रहा है, अब इसके शमन-दमन के लिए लोगों को आना पड़ेगा। साथ ही कथा व्यास बृजेन्द्र कृष्ण शास्त्री ने भी कथा का आनंद लिया। इस दौरान उन्होंने चित्रकूट की महिमा का संक्षिप्त वर्णन किया। साथ ही महाकुंभ के अवसर पर हो रही कथा को शुभ और सुखद संयोग बताया। कथा विश्राम के बाद यजमान अभिषेक पहारिया और दिव्या पहारिया ने आरती की तथा श्रृद्धालुओं को प्रसाद का वितरण किया।

## संक्षिप्त समाचार

### पुरुषोत्तम बने युवा राष्ट्रीय लोकदल के जिलाध्यक्ष

एनपीटी ब्यूरो ललितपुर

ललितपुर। युवा राष्ट्रीय लोकदल पार्टी ने ललितपुर जनपद का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है। पार्टी ने संगठन मजबूती व विस्तार के तहत ये नियुक्ति की है। इसकी जानकारी प्रदेश अध्यक्ष रविंद्र सिंह पटेल ने दी।

राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश अध्यक्ष रविंद्र सिंह पटेल ने राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत सिंह चौधरी के निर्देश और राष्ट्रीय महासचिव संगठन त्रिलोक त्यागी एवं युवा रालोद के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंदन चौहान के अनुमोदन तथा प्रदेश अध्यक्ष रामाशीष राय की सहमति से पुरुषोत्तम कुशवाहा को युवा राष्ट्रीय लोकदल का जिलाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। प्रदेश अध्यक्ष रविंद्र सिंह पटेल ने बताया कि जिलाध्यक्ष के गठन जिला में युवा राष्ट्रीय लोकदल के संगठन को मजबूती मिल सकेगी। इनके माध्यम से राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी द्वारा युवाओं के रोजगार हित में चलाई जा रही योजनाओं को आसानी से युवाओं के बीच पहुंचाया जा सकेगा।

### दुकान में घुसकर दुकानदार के साथ गाली गलौज मारपीट कर दी धमकी

**एनपीटी ब्यूरो ललितपुर**

ललितपुर। थाना कोतवाली अंतर्गत मोहल्ला विष्णुपुरा निवासी ऋतिक कुमार पुत्र गौरीशंकर ने सदर कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र देते हुए अवगत कराया कि 18 जनवरी 2025 को शाम करीब 6:30 बजे जब वह अपनी दुकान पर बैठा हुआ था, तभी मोहल्ले में ही रहने वाला दबंग प्रवृत्ति का विपक्षी मनीष उर्फ मंटू पुत्र हरगोविंद कुशवाहा अपने साथी आनंद कुशवाहा पुत्र मुन्ना कुशवाहा निवासी खिरकापुरा के साथ आए और दुकान में घुसकर उसके साथ जमकर गाली गलौज करने लगे। इतना ही नहीं जब उसने विपक्षियों की इस हरकत पर विरोध जताया, तो उन्होंने लोहे की रोड से उस पर हमला कर दिया और दुकान में रखा हुआ सामान तोडफोड़ दिया, जिससे उसका नुकसान हो गया। दबंग के इस हमले में उसके हाथ पैर में गंभीर चोटे भी आई हैं। इतना ही नहीं जब आसपास के लोगों ने बीच बचाव किया, तो उक्त दबंग उसे जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। पीडित का आरोप है कि दिनांक 17 जनवरी 2025 को भी उक्त दोनों ही दबंगों ने उसके भाई मोहित के साथ भी मारपीट की थी। सदर कोतवाली पुलिस ने मामले को संज्ञान में लेकर पीड़ित द्वारा दिए गए शिकायती पत्र के आधार पर दोनों आरोपियों के खिलाफ 333, 352,115(2), 324(2), 351(3) धाराओं में मामला पंजीकृत कर विवेचना प्रारंभ कर दी है।

### प्रोजेक्ट नई किरण ने 01 परिवार का कराया पुनर्मिलन

**एनपीटी ब्यूरो ललितपुर**

ललितपुर` स्थानीय पुलिस लाइन सभागार में पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में तथा प्रतिसार निरीक्षक रिजर्व पुलिस लाइन जगदीश चन्द्र की उपस्थिति में ₹प्रोजेक्ट नई किरण₹ का आयोजन किया गया। इस आयोजन में नई किरण के सभी सदस्यों द्वारा समझाने के बाद 01 परिवार में आपसी सुलह के आधार पर समझौता कराया गया। इस दौरान एक परिवार खुशी द्द खुशी साथ दूसाथ रहने को तैयार हो गये एवं आपस में मिठाई खिलाकर रिस्तों की मिठास का दिया संदेश व 06 मामलों में अग्रिम तिथि दी गई। नई किरण प्रोजेक्ट से जनपद में बिखरे हुए परिवारों को जोडकर उनके दाम्पत्य जीवन में एक नई रोशनी आयेगी, नई किरण प्रोजेक्ट के अन्तर्गत बिखरे परिवार को एक सूत्र में बांधने का प्रयास है। इस पुनीत कार्य में नई किरण प्रोजेक्ट के सदस्य डॉ एस.पी. पाठक, डॉ दीपक चौबे, श्रीमती सुधा कुशवाहा, डॉ संजीव कुमार शर्मा, डॉ सुभाष जैन, डॉ. जनक किशोरी शर्मा, एड. अरमान अजीज कुरैशी नई किरण में महिला आरक्षी नीलम, आदि का विशेष सहयोग रहा ।

### अज्ञात चोरों ने जेवरात और पुराने सिक्कों पर किया हाथ साफ

एनपीटी ब्यूरो ललितपुर - ललितपुर। सदर कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत मोहल्ला जुगपुरा में अज्ञात चोरों ने देर रात्रि में घर का ताला तोड़कर अंदर रखे हुए बक्से में से जेवरात और पुराने सिक्के चुरा लिए। उक्त मामले में पीड़ित ने सदर कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र देकर अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कराया। मुहल्ला जुगपुरा निवासी अनिरुद्ध सिंह पुत्र भैया लाल ने सदर कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र देते हुए अवगत कराया कि अज्ञात चोरों ने उनके घर में घुसकर चोरी की घटना को अंजाम दिया।

# कवि सम्मेलन में शानदार प्रस्तुतियां देकर किया श्रोताओं का मनोरंजन

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

चित्रकूट ब्यूरोः तहसील मानिकपुर के आदर्श इंटर कॉलिज सभागार में भारतीय क्षेत्रीय पत्रकार संघ उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में बुंदेली साहित्य समागम एवं कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें साहित्यकारों व कवियों ने अपनी रचनाओं से श्रोताओं का मनोरंजन किया।

कार्यक्रम की शुरूआत बाल कवयित्री प्रियांशी सिंह पल्लवी ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत कर की। कार्यक्रम में महोबा के प्रख्यात बुंदेली साहित्य के मर्मज्ञ संतोष पटेरिया ने बुंदेली गीत प्रस्तुत किया। कार्यक्रम संयोजक रामपाल त्रिपाठी द्वारा अनेक पत्र-पत्रिकाओं की भव्य प्रदर्शनी भी लगवाई गई। साहित्यिक अभिरुचि रखने वाले उप जिलाधिकारी मानिकपुर मोहम्मद जसीम ने अपनी स्वरचित रचना ह्यह्यतरक्की की भीड़ में बाजार बहुत है, शख्स तन्हा, पर खरीददार बहुत हैंह्यह्य प्रस्तुत की। आयुष्मान वानप्रस्थ विश्व विद्यालय के निदेशक बलबीर सिंह, आदर्श इंटर कॉलिज मानिकपुर के प्रधानाचार्य राकेश प्रताप सिंह व कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे मानस किंकर रामप्रताप शुक्ल ने भी अपने विचार व्यक्त किए। अतर्रा-बांदा के वरिष्ठ साहित्यकार पूर्व प्रधानाचार्य मूलचंद्र कुशवाहा, रामऔतार साहू, दीनदयाल सोनी, ओज की कवयित्री प्रियंका त्रिपाठी, एलआईयू के सब इंस्पेक्टर धर्मपाल सिंह सेंगर, जीआरपी मानिकपुर के थानाध्यक्ष वीनेश सिंह, चित्रकूट से छंद ऋषि डॉ वीरेंद्र प्रताप सिंह भ्रमर, पूर्व प्रधानाचार्य दिनेश चैहान, गीतकार श्रीनारायण तिवारी, शायर एवं गजलकार संदीप श्रीवास्तव, हास्य कवि शिवपूजन यादव, गीतकार अर्चन द्विवेदी, दिनेश दीक्षित संघर्षी, शिवशंकर विश्वकर्मा बाल कवयित्री प्रियांशी सिंह पल्लवी ने अपनी ओजस्वी वाणी से काव्यपाठ कर उपस्थित श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। लोकतंत्र सेनानी रामपाल त्रिपाठी एवं राइटर्स एंड जर्नलिस्ट एसोसिएशन ऑफ इंडिया के प्रदेश संगठन मंत्री तथा उत्तर प्रदेश साहित्य सभा के जिला अध्यक्ष डॉ मनोज द्विवेदी ने साहित्यकारों व कवियों का अंगवस्त्र और माल्यार्पण कर स्वागत किया। साथ ही भारतीय क्षेत्रीय पत्रकार संघ द्वारा आयोजित विगत वर्षों के कार्यक्रमों की जानकारी दी।

इस अवसर पर थानाध्यक्ष मानिकपुर दुर्ग विजय सिंह, आनंद गिरि, डॉ प्रणय, सतीश मिश्रा, कैलाश मिश्रा, शंकर यादव, हीरा लाल मिश्रा, आलोक त्रिपाठी, शिव कुमार राजपूत, पवन कुमार नामदेव, संतलाल त्रिपाठी, अमित त्रिपाठी, बुद्ध विलास यादव, वेदांत मिश्रा आदि मौजूद रहे।

## डीडी उद्यान ने किया प्रक्षेत्रों का निरीक्षण

**एनपीटी ब्यूरो ललितपुर**

ललितपुर उप निदेशक उद्यान झांसी मण्डल विनय कुमार यादव ने जनपद में उद्यान विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनान्तर्गत लाभान्वित किसानों के प्रक्षेत्रों का निरीक्षण किया गया। विकास खण्ड बिरधा के कस्था निवासी किसान तिलक सिंह के प्रक्षेत्र पर पर ड्रॉप मोर कॉप माइकोईरीगेशन योजनान्तर्गत स्थापित ड्रिप सिंचाई पद्धति का निरीक्षण किया गया। किसान ने 0.60 है. क्षेत्रफल में टमाटर, मिर्च एवं बैगन की खेती मल्चिंग एवं ड्रिप का उपयोग कर की जा रही है। किसान ने कृषक द्वारा खेती के परम्परागत तरीके को छोड़कर सब्जी की खेती आधुनिक तरीके से की जा रही है। कृषक ने ड्रिप सिंचाई पद्धति, मल्चिंग विधि एवं स्टेकिंग के माध्यम से खेती की जा रही है। जिससे किसानों को समय, पानी, मेहनत, श्रम, खाद, दवा आदि की बचत हो रही है एवं भरपूर पैदावार हो रही है। किसान ने बताया कि वह अब तक लगभग 5 लाख की फसल बेच चुका है जिसमें से एक लाख रू. खर्च घटाकर उसे 4 लाख का मुनाफा हुआ है एवं अभी 3 लाख की फसल पैदा होने की सम्भावना है। महिला किसान कुसुमरानी पी दशस्थ कुशवाहा के प्रक्षेत्र का निरीक्षण किया गया, जिसमें किसान ने अपनी गेंहू की फसल में मे. वेस्टबेल कम्पनी के माध्यम से पोर्टेबिल स्प्रिंकलर सिंचाई पद्धति की

## विज्ञान मेले में बाल वैज्ञानिकों ने प्रस्तुत किए शानदार मॉडल

चित्रकूट ब्यूरोः महानिदेशक स्कूल शिक्षा उत्तर प्रदेश एवं जिला बेसिक शिक्षाधिकारी चित्रकूट के निर्देशन में पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय कछार पुरवा में मंगलवार को विज्ञान मेला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रभारी जिला बेसिक शिक्षाधिकारी शशांक शेखर शुक्ला ने किया। प्रभारी बीएसए ने विज्ञान मेला में बच्चों द्वारा बनाए गए विभिन्न मॉडलों का पर्यवेक्षण किया तथा बच्चों से उनसे संबंधित प्रश्न पूछे। इस पर बच्चों ने माडलों के संदर्भ में सभी उत्तर दिए। प्रभारी बीएसए ने कहा कि विज्ञान से ही हमारा देश महान बनेगा। हमारे देश के वैज्ञानिकों ने चंद्रमा पर फतह पा ली है। सूर्य के पास भी अपना मिशन भेजा है। हमारे देश के वैज्ञानिक बहुत अच्छा कार्य कर रहे हैं। जिससे विश्व में हमारे देश का नाम रोशन हो रहा है। उन्होंने समस्त शिक्षकों को मेहनत एवं लगन से बच्चों को पढ़ाने को कहा। ताकि बच्चे हमारे गांव क्षेत्र, जनपद, प्रदेश तथा देश का नाम पूरे विश्व में रोशन करें। इस मौके पर डॉक्टर प्रभाकर सिंह द्वारा बच्चों फ्रूट जूस का वितरण किया। विज्ञान मेला में पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय कछार पुरवा के चार छात्रों का चयन राज्य स्तर पर मॉडल प्रदर्शित करने में हुआ है। जिन्हें 23 व 24 जनवरी को लखनऊ के ऑडिटोरियम में मॉडलों के प्रदर्शन के लिए रवाना किया जाएगा। इस दौरान बच्चों को ऊन वस्त्र तथा ड्रेस का वितरण किया गया।

इस मौके पर रचना यादव, सुशील पांडेय, विद्यासागर सिंह, सरला देवी, ममता देवी, गीतांजलि सिंह, गरिमा सिंह, रंजन चंदेल, दीपा देवी, प्रियंका द्विवेदी, सियाराम सिंह, सुनीता देवी, नीलम देवी, सोनू गौतम आदि मौजूद रहे।

# सेवानिवृत्त कर्मचारी की छवि धूमिल करने का मुकदमा पड़ौसी पर दर्ज

## सीजेएम न्यायालय के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने की कार्यवाही

**एनपीटी ब्यूरो ललितपुर**

ललितपुर रिटायर्ड सरकारी कर्मचारी ने सीजेएम न्यायालय में वाद दायर कर बताया था कि पड़ौसी स्वयं को किसी पोर्टल का ब्यूरो चीफ बताते हुये उनके व उनके परिजनों के खिलाफ सोशल मीडिया पर दुष्प्रचार कर लगातार अपमानित कर रहा है। एक पुराने दर्ज मामले को लेकर गालियां देने, मारपीट करने और जान से मारने की नीयत से हमलावर होने के गंभीर आरोप लगाये हैं। न्यायालय के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने उक्त लोगों के खिलाफ मुकद्दमा दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के समक्ष दायर किये बाद में तालाब्पुरा नृसिंह मंदिर मैदान के सामने सुम्मेरा तालाब बंध के ऊपर रहने वाले 63 वर्षीय मनोज गिरी पुत्र घनश्याम गिरी ने बताया कि रामलीला मैदान के सामने तालाबपुरा निवासी उनके भाई रजनीश गिरी, प्रवेश गिरी व रजत गिरी से उनके पिता द्वारा दर्ज कराये गये मामले को लेकर विवाद चला आ रहा है। मनोज गिरी ने बताया कि रजत गिरी पुत्र रजनीश जो खुद को किसी न्यूज पोर्टल का ब्यूरो चीफ बताता है और लगातार उसके व उसके परिजनों के खिलाफ सोशल मीडिया पर दुष्प्रचारित करके अपमानित कर रहा है, जिस कारण उसको परिवार समेत छवि धूमिल हो रही है। बताया कि 28 अगस्त 2024 को करीब 10.06 बजे उसके घर के बाहर अपमानजनक टिप्पणियां लिखा हुआ बोर्ड बैनर उक्त लोगों द्वारा रख दिया

गया। उसने जब मौके पर जाकर देखा तो उसके साथ गालियां देते हुये एकराय होकर जान से मारने की धमकी दी। बताया कि उसके पिता घनश्याम गिरी ने रजनीश गिरी के खिलाफ मामला दर्ज कराया था, अब उक्त मामले में वह राजीनामा करने का दबाव बना रहे हैं। इतना ही नहीं उक्त लोगों ने मुकद्दमें में खर्च एक लाख रुपये की मांग करते हुये न देने पर जान से मारने की धमकी दी। शोरगुल सुनकर पीड़ित का पुत्र नितिन गिरी, ध्रुव गिरी व आस-पड़ौस के कई लोग एकत्र हो गये और बीच-बचाव किया। आरोप है कि उक्त लोग जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गये। मामले की शिकायत दर्ज कराने जब वह

कोतवाली पहुंचा तो वहां उसे आश्वासन दिया गया, लेकिन शिकायत दर्ज नहीं की गयी। कई बार कोतवाली जाने पर शिकायत दर्ज नहीं हुयी तो वह एसपी के समक्ष 7 सितम्बर 2024 को पेश हुआ और रजिस्टर्ड डाक से भी शिकायती पत्र भेजा। बावजूद इसके मामला दर्ज नहीं किया गया। न्यायालय ने मामले को गंभीरता से लेकर कोतवाली पुलिस को मामला दर्ज कर विवेचना करने के निर्देश दिये है। अब कोर्ट के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने उक्त लोगों के खिलाफ बोएनएस की धारा 352, 351 (2), 351 (3), 308 (4) व 356 (3) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

# जिला परिवहन अधिकारी रजनीश विद्यार्थी ने किया पदभार ग्रहण

**ब्यरो -एनपीटी**

बूँदी! जिला परिवहन अधिकारी रजनीश विद्यार्थी ने पदभार ग्रहण किया । डीटीओ रजनीश विद्यार्थी का नवज्योति संवाददाता परमानंद मीणा ने फूल माला पहना कर स्वागत किया! नवनियुक्त डीटीओ विद्यार्थी ने बताया कि बूंदी जिले में परिवहन व यातायात को सुचारू बनाने के लिए बेहतरीन प्रयास किए जाएंगे! पूर्व में परिवहन विभाग में रही खामियों को जल्द दूर किया जाएगा! जिले में चलने वाले बिना बीमा, फिटनेस व टैक्स परमिट वाले चार पहिया वाहनों पर सख्त कार्यवाही होंगी! अब सड़क पर बिना नंबरी कमर्शियल



वाहन एवं ओवरलोडिंग वाहन बिना टैक्स परमिट वाली सभी गाड़ियां पर कानूनी कार्रवाई कर चालान काटा जाएगा! सड़क पर गाड़ी चालकों के लाइसेंस सहित वहां के सभी दस्तावेजों की सकताय से जांच होगी!इससे पहले 2015 में परिवहन निरक्षक के पद पर सेवाएं दे चुके हैं।यातायात सलाहकार समिति के सदस्यों ने माला व गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया जिसमें शामिल अध्यक्ष अनिल चतुवेर्दी,उपाध्यक्ष पी एन मीणा, पूर्व अध्यक्ष सत्यनारायण वर्मा, गौरीशंकर, नाथू लाल बैरवा,देवीसिंह, कमल शर्मा, हजारी लाल, संजय वर्मा,मनोज मीणा, आशीष गुर्जर,बंटी पारीक, विक्रम सिंह, हिमांशु गर्ग, तुलसीराम कसाणा, बंटी सैन,ओम सैनी, राकेश बैरवा आदि।

# करगिल शहीद रामसिंह शेखावत के 25 वें शहादत दिवस पर रक्तदान शिविर तथा पूर्व सैनिक सम्मान समारोह का आयोजन 24 को

## ग्राम पंचायत चंवरा के सेना एवं अर्धसैनिक बलों से सेवानिवृत्त जवानों का होगा सम्मान

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

झुंझुनू चंवरा। करगिल शहीद रामसिंह शेखावत का 25 वां शहादत दिवस 24 जनवरी को शहीद रामसिंह शेखावत राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय चंवरा में मनाया जाएगा। राजेंद्र प्रसाद दोराता ने बताया कि करगिल शहीद रामसिंह शेखावत के 25 वें शहादत दिवस पर विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस दिन ग्राम पंचायत चंवरा के सेना एवं अर्धसैनिक बलों से



सेवानिवृत सैनिकों का सम्मान भी किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बामलास धाम के महंत लक्ष्मण दास महाराज होंगे। जबकि विशिष्ट अतिथि झुंझुनू सीएमएचओ डॉक्टर छोटेलाल गुर्जर होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाचार्य राजेंद्र नरूका करेंगे। राजेंद्र दोराता ने युवाओं से अपील कर कहा कि शहीद के शहादत दिवस एवं रक्तदान शिविर में बढ़-चढ़कर हिस्सा ले। आपका एक बूंद रक्त किसी की जिंदगी बचा सकता है। ब्लड डोनेशन टीम राजकीय बीडीके अस्पताल झुंझुनू से रहेगी।

# बच्चों ने दी संस्कृति ज्ञान परीक्षा



**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

झुंझुनूं उदयपुरवाटी। विद्या भारती संस्कृति शिक्षा संस्थान कुरुक्षेत्र हरियाणा द्वारा की जाने वाली परीक्षा मंगलवार को पांच केन्द्रों पर आयोजित हुई। जिसमें उदयपुरवाटी परीक्षा प्रभारी श्याम सुंदर शर्मा ने बताया कि देश भर में होने वाली परीक्षा में मंगलवार को बच्चों ने बड़े ही उत्साह के साथ परीक्षा दी। परीक्षा ओएमआर शीट के माध्यम से सम्पन्न हुई। परीक्षा शिशुवाटीका प्रमुख उदयपुरवाटी वीक्षक श्याम सुंदर शर्मा बालिका आदर्श विद्या मंदिर उदयपुरवाटी, टैगोर शिक्षण संस्थान कांकरिया निदेशक सुभाष चन्द्र सैनी वीक्षक भरत सिंह कटारिया, श्रीनाथ उच्च माध्यमिक विद्यालय ककराना में निदेशक हंसराज सैनी वीक्षक भादर राम सैनी, रविन्द्र बाल निकेतन उच्च माध्यमिक विद्यालय चंवरा में निदेशक महेंद्र कुमार शर्मा वीक्षक किशन लाल सैनी,जैम्स पब्लिक स्कूल करमाडी निदेशक विश्राम सैनी वीक्षक नागर मल सैनी, आदर्श बाल विद्या मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय पौंख में निदेशक महावीर प्रसाद सैनी वीक्षक मदन लाल सैनी परिक्षा में बैठे ककराना,चांवरा, कांकरिया,पौंख,करमाडी पपुरना 5 परिक्षा केन्द्रों पर 476 में से 435 बच्चे परिक्षा में बैठे।

# सिर्फ बेटियों को बचाना नहीं, बल्कि आत्मनिर्भर और सशक्त भी बनाएं - डॉ. लौरी

**ब्यरो -एनपीटी**

बूंदी। राजस्थान मरू उड़ान योजनांतर्गत मंगलवार को डॉ.केशव राव बलिराम हेडगेवार शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में छात्राध्यापक छात्राध्यापिकाओं को बेटी बचाओं - बेटी पढ़ाओ की शपथ दिलाकर समाज के लोगों की मानसिकता में बदलाव लाने की अपील की गई।

उमंग संस्थान के संयोजन में आयोजित इस कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए डॉ. सविता लौरी ने कहा कि हमारे समाज में बेटियां कभी भी कमजोर नहीं हैं। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का मतलब सिर्फ बेटियों को बचाना नहीं हैं, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर



और सशक्त बनाना भी है।

सहायक आचार्य एवं उमंग संस्थान के सचिव कृष्ण कांत राठौर ने कहा कि जागरूकता कार्यक्रम से जिले की लैंगिक समानता में सुधार आने से समाज में बेटियों के प्रति लोगों की रूढियों एवं मानसिकता में बदलाव आ रहा है। इन्होंने लाडो प्रोत्साहन योजना, महिला सुरक्षा एवं सम्मान, मुख्यमंत्री नारी शक्ति प्रशिक्षण एवं कौशल संवर्धन योजना, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, पन्नाधाय सुरक्षा एवं सम्मान केंद्र, कालीबाई भील उड़ान योजना, बैक टू वर्क योजना, निशुल्क कंप्यूटर प्रशिक्षण सहित विभागीय योजनाओं की जानकारी भी दी।

सहायक आचार्य डॉ. सीमा शर्मा व डॉ.किरण शर्मा ने सभी से आह्वान किया कि बेटियों को बोझ न समझे लड़का-लड़की में समानता का व्यवहार करें। साथ ही आमजन को सरकार की योजनाओं का लाभ लेने हेतु जागरूक करें। इस दौरान सभी छात्राध्यापक छात्राध्यापिकाओं ने शपथ पत्र पर अपनी हस्ताक्षर भी किए।

इस दौरान संगीता राठौर, राकेश मीणा, नंदकिशोर श्रृंगी, देवी लाल, अर्जुन चौधरी सहित सभी छात्राध्यापक छात्राध्यापिकाएं मौजूद रहे।

# मुख्यमंत्री की पहल एग्रीस्टैक से कृषि में होगी डिजिटल क्रांति की शुरूआत

**ब्यरो -एनपीटी**

बून्दी, 21 जनवरी। किसानों के साथ-साथ समाज के सभी वर्गों के कल्याण के लिये प्रतिबद्ध माननीय मुख्यमंत्री महोदय श्री भजनलाल शर्मा द्वारा अनेक क्षेत्रों में पहल की जा रही है। इसी क्रम में एग्रीस्टैक किसान केन्द्रित समाधान उपलब्ध करवाने की दिशा में महत्वाकांक्षी पहल है, इससे कृषि क्षेत्र में डिजिटल क्रांति की शुरूआत होगी। इसके अन्तर्गत किसानों की जानकारी का व्यापक डेटाबेस तैयार करते हुए प्रत्येक किसान को विशिष्ट फार्मर आईडी प्रदान की जाएगी। इससे किसानों को केन्द्र एवं राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने में सुगमता एवं पारदर्शिता आएगी।

राज्य सरकार की पहली वर्षगांठ पर दिसम्बर में बून्दी जिले से इस मिशन को पायलट प्रोजेक्ट के रूप में लागू किया गया। आगामी फरवरी माह से इसे प्रदेशभर में शुरू किया जाएगा। इसके तहत चरणबद्ध रूप से ग्राम पंचायत स्तर पर फार्मर रजिस्ट्री के लिए कैम्प लगाए जाएंगे। सभी किसानों को एग्रीस्टैक कृषि से जो जायेगा ताकि कोई भी अन्नदाता सरकार की किसान कल्याणकारी योजनाओं के लाभ से वंचित नहीं रहे। उल्लेखनीय है कि एग्रीस्टैक कृषि से संबंधित डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढाँचा उपलब्ध कराने की केन्द्र सरकार की परियोजना है। इसके अंतर्गत डिजिटल रूप में क्रॉप सर्वे, फार्मर रजिस्ट्री एवं भू-संदर्भित नक्शे का डेटाबेस निर्माण कर प्रत्येक किसान को विशिष्ट आईडी प्रदान की जाएगी। इसके अंतर्गत राष्ट्रीय स्तर पर डेटा तैयार करने से लेकर पीएम किसान सम्मान निधि में ऑटोमेशन, किसान क्रेडिट कार्ड योजना सहित अन्य कल्याणकारी योजनाओं एवं सेवाओं तक किसानों की पहुंच आसान हो सकेगी।

*किसान गिरदावरी ऐप के माध्यम से किसान स्वयं कर सकेंगे रबी सीजन से ई-गिरदावरी*

राज्य सरकार द्वारा एग्रीस्टैक प्रोजेक्ट के तहत ई-गिरदावरी के लिए महत्वाकांक्षी किसान गिरदावरी ऐप विकसित किया है। ऐप के माध्यम से कृषक अपने खेत की फसल की गिरदावरी स्वयं के स्तर से कर सकता है। इसके लिए कृषक किसान गिरदावरी ऐप को गूगल प्ले स्टोर द्वारा या क्यूआर कोड स्केन कर ऐप डाउनलोड कर सकते हैं।

संयुक्त निदेशक कृषि विस्तार जिला परिषद बूंदी ने बताया कि कृषि आयुक्तालय से प्राप्त निदेर्शानुसार बून्दी जिले में कृषक द्वारा ई-गिरदावरी करवाए जाने के लिए सहायक कृषि अधिकारी व कृषि पर्यवेक्षक व्यापक प्रचार-प्रसार कर अधिकाधिक कृषकों को किसान गिरदावरी ऐप डाउनलोड करवाया जाना है। उन्होंने बताया कि जिले में रबी-2024 में ई-गिरदावरी किए आवंटित खसरों की संख्या एक लाख चालीस हजार है। लक्ष्य अनुसार फील्ड फक्शनरिज व्यापक प्रचार-प्रसार कर किसानों से सम्पर्क कर अधिकाधिक ई-गिरदावरी करवाया जाना सुनिश्चित की जाएगी।

# रविंद्र भाटी पर FIR के बाद गरमाई सरहद की सियासत भजनलाल सरकार की सख्ती से मचा बवाल

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

बाड़मेर । विधायक रविंद्र सिंह भाटी के खिलाफ एफआईआर के मुद्दे से कड़ाके की सर्दी के दौर में भी सरहद की सियासत गरमा गई है। भाटी समर्थक इस घटना को लेकर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म और विभिन्न माध्यमों से अपनी कड़ी प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं। सोलर कंपनियों के आरोपों के बाद राज्य सरकार के आदेश पर शिव के निर्दलीय विधायक रविंद्र सिंह भाटी के खिलाफ एफआईआर दर्ज किए जाने पर भाटी समर्थकों में जबरदस्त रोष है। विधायक भाटी ने भी इशारों ही इशारों में राज्य सरकार के खिलाफ स्वयं के प्रति इस रुख पर कोर्ट में दस्तक देने के संकेत दिए हैं।

विधायक रविंद्र सिंह भाटी के खिलाफ एफआईआर के मुद्दे से कड़ाके की सर्दी के दौर में भी सरहद की सियासत गरमा गई है। भाटी समर्थक इस घटना को लेकर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म और विभिन्न माध्यमों से अपनी कड़ी प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं। खास बात यह है कि एफआईआर में जिस तरह के आरोप लगाए गए हैं, उनको लेकर समर्थकों का कहना है कि राज्य सरकार रविंद्र सिंह भाटी को जनहित के मुद्दे उठाने पर बेवजह टारगेट कर रही है। जबकि विधायक की ओर से अभी तक उठाए गए किसी भी मुद्दे से उनको कोई निजी स्वार्थ नहीं जुड़ा है। गौरतलब है कि विधायक बनने के बाद रविंद्र सिंह भाटी पर तीसरा मुकदमा दर्ज हुआ है। भाटी ने ताजा मुकदमे के खिलाफ कोर्ट की शरण लेने का मानस बना लिया है।

**सत्तापक्ष एवं विपक्ष के कई प्रभावशाली लोग कर चुके विरोध**

गोचर-ओरण भूमि बचाने, अधिग्रहण से प्रभावित होने वाले किसानों को उचित मुआवजा दिए जाने सहित विभिन्न मांगों को लेकर सोलर प्रोजेक्ट वाले




जैसलमेर, बाड़मेर और बीकानेर जिलों में आए दिन विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। लेकिन इसके बावजूद टाटा, अदाणी और कई बड़े ग्रुप इन क्षेत्रों में सोलर सेक्टर में निवेश कर रहे हैं। हाल ही में जयपुर में इन्वेस्टमेंट समिट में प्रारंभिक आंकड़ों के मुताबिक नए सोलर प्रोजेक्ट्स के लिए 26 हजार करोड़ का निवेश किए जाने के संकेत मिल रहे हैं। इनमें से अकेले 20 हजार करोड़ तो बीकानेर जिले शेष बाड़मेर और जैसलमेर जिले में निवेश में देश के बड़े ग्रुप रुचि दिखा रहे हैं।

विशेष बात यह है कि करीब तीन जिलों में इन प्रोजेक्टस के विरोध में कई रसूखदार सत्तापक्ष एवं विपक्ष के लोग आंदोलन में शामिल हुए। लेकिन शिव के निर्दलीय विधायक रविंद्र भाटी पर ही सोलर कंपनियों की शिकायत पर एफआईआर की गई।

**रविंद्र सिंह भाटी का परिवार**

बाड़मेर के छोटे से गांव दूधोड़ा के रहने वाले रविंद्र सिंह भाटी बेहद सामान्य परिवार से आते हैं। उनके पिता शिक्षक हैं। भाटी के परिवार का राजनीति से दूर-दूर तक कोई नाता नहीं रहा है। रविंद्र सिंह भाटी ने अपनी शुरूआती शिक्षा गांव के पास स्थित सरकारी स्कूल से ली। फिर बाड़मेर शहर के एक स्कूल से इंटरमीडिएट तक की पढ़ाई पूरी की। वह उच्च शिक्षा के लिए जय नारायण व्यास यूनिवर्सिटी पहुंचे। यहीं पर उन्होंने अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता के रूप में छात्र राजनीति में कदम रखा। भाटी ने ग्रेजुएशन के बाद वकालत की पढ़ाई पूरी की।

**कब आए चर्चा में-** रविंद्र सिंह भाटी तब और चर्चा में आ गए, जब उन्होंने 2022 में अपने दोस्त अरविंद सिंह भाटी को जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय के छात्रसंघ चुनाव में अध्यक्ष का चुनाव जितवाया। एनएसयूआई ने अरविंद को टिकट नहीं दिया तो, वह रत्रक्षसे चुनाव लड़े. रविंद्र भाटी ने अपने दोस्त अरविंद के चुनाव प्रचार का जिम्मा खुद अपने कंधों पर उठाया, और अध्यक्ष पद के लिए हुए इलेक्शन में जीत भी दिलाई।

**रविंद्र भाटी के अब तक के प्रमुख आंदोलन एवं विरोध प्रदर्शन**

बालोतरा में पुलिस की कथित बर्बरता के खिलाफ भाटी ने पिछले वर्ष एक बड़ा धरना-प्रदर्शन किया था। इस दौरान पुलिस को बल प्रयोग करना पड़ा था, जिससे कि आंदोलन और ज्यादा उग्र हो गया था और आखिरकार स्थानीय प्रशासन को रविंद्र भाटी एवं उनके समर्थकों की मांगें माननी पड़ी थी।

जैसलमेर के बईया गांव में पिछले वर्ष के अंतिम महीनों में सोलर कंपनियों की ओर से भूमि अधिग्रहण के मसले पर शिव के निर्दलीय विधायक नाराज ग्रामीणों के पक्ष में आंदोलन पर उतर आए थे। इस आंदोलन में भी गौवंश के लिए बईया की ओरण और गोचर भूमि को बचाने में उनकी मांगों पर प्रशासन को एक्शन लेना पड़ा।

हाल ही में बीते दिसंबर माह में बाड़मेर जिले के शिव उपखंड क्षेत्र के हड़वा क्षेत्र में सोलर कंपनियों के किसानों की जमीन अधिग्रहण के मामले में विधायक रविंद्र भाटी ने अधिग्रहण से प्रभावित किसानों की मांगों का समर्थन किया। इस आंदोलन में भी उनको बड़ी सफलता मिली। लेकिन इसकी प्रतिक्रिया में सोलर कंपनियों की ओर से राज्य सरकार को की गई शिकायत पर भाटी के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है।

# 'अनाप-शनाप बयान देकर अपनी आदत के मुताबिक बोलकर भाग जाते हैं', दिलावर का टीकाराम पर तंज

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

जयपुर। 'वह बिना सोचे समझे अनाप-शनाप बयान देते रहते हैं और अपनी आदत के मुताबिक बोलकर भाग जाते हैं'। मदन दिलावर ने टीकाराम जूली पर निशाना साधते हुए कहा, उन्हें अपनी पार्टी के भ्रष्टाचार का भी अंदाजा नहीं है। राजस्थान के शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली के बयानों पर पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि टीकाराम जूली को यह भी समझ नहीं होता कि उन्हें क्या कहना चाहिए। वह बिना सोचे समझे अनाप-शनाप बयान देते रहते हैं और अपनी आदत के मुताबिक बोलकर भाग जाते हैं।

मदन दिलावर ने जूली पर निशाना साधते हुए कहा कि उन्हें अपनी पार्टी के भ्रष्टाचार का भी अंदाजा नहीं है। पेपर लीक जैसे मामलों में उनकी पार्टी के नेताओं ने कितना पैसा खाया, यह भी उन्हें नहीं पता। उन्होंने कहा, सौ चूहे खाकर बिल्ली हज करने जा रही है।

**कांग्रेस पर लगाया गुंडों के संरक्षण का आरोप**

शिक्षा मंत्री ने कांग्रेस सरकार पर मेवात में गुंडागर्दी को बढ़ावा देने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के विधायक गुंडे-बदमाशों का समर्थन करते थे, जिससे लोगों में डर का माहौल था। भाजपा सरकार के आने के बाद गुंडों और अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है।

**पेपर लीक मामले पर सरकार की कार्रवाई की तारीफ**

मदन दिलावर ने पेपर लीक मामले में एसओजी की कार्रवाई की सराहना की। उन्होंने कहा कि एसओजी ने दूध का दूध और पानी का पानी कर दिया। उन्होंने दावा किया कि भाजपा सरकार ने लाखों युवाओं के भविष्य को बचाने का काम किया है।

**कांग्रेस पर लगे गंभीर आरोप**

शिक्षा मंत्री ने कांग्रेस शासनकाल की घटनाओं को लेकर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने भीलवाड़ा की एक घटना का जिक्र करते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार में लड़की को भट्टी में झोंक दिया गया, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। अलवर में कांग्रेस नेताओं के रिश्तेदारों पर बलात्कार के आरोप लगे, लेकिन कांग्रेस सरकार ने आंख मूंद ली।

**'राजस्थान अपराध मुक्त होगा'**

मदन दिलावर ने दावा किया कि भाजपा सरकार राजस्थान की धरती पर किसी अपराधी को नहीं रहने देगी। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार चुन-चुन कर अपराधियों को पकड़कर जेल में डालेगी। उन्होंने यह भी कहा कि कांग्रेस नेता अपनी विफलताओं को छिपाने और सत्ता में वापस आने के लिए ओछे हथकंडे अपना रहे हैं। भाजपा की इस आक्रामक रणनीति ने राजस्थान में आगामी विधानसभा चुनावों से पहले राजनीतिक माहौल को और गरमा दिया है।

# एसटीएफ मेरठ ने एक लाख के ईनामी अरशद समेत चार बदमाशों को मुठभेड़ में किया ढेर

## झिंझाना के ऊदपुर भट्टे के निकट किया ढेर, तीन बदमाशों की हुई शिनाख्त, एक अज्ञात बदमाश की शिनाख्त के प्रयास







**एनपीटी संवाददाता**







**शामली।** मेरठ एसटीएफ की टीम ने झिंझाना के ऊदपुर स्थित भट्टे के निकट कार सवार कुख्यात बदमाश मुस्तफा उर्फ कग्गा गिरोह के एक लाख के ईनामी बदमाश अरशद सहित चार बदमाशों को मुठभेड़ में मार गिराया। इस दौरान एसटीएफ का एक इंसपेक्टर भी गोली लगने से गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे उपचार के लिए गुरुग्राम के एक हास्पिटल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने मौके से पिस्टल कारबाइन, कारतूस व ब्रेजा कार भी बरामद किए हैं।

जानकारी के अनुसार मेरठ एसटीएफ की टीम को बीती रात सूचना मिली कि सहारनपुर जनपद के कुख्यात बदमाश मुस्तफा उर्फ कग्गा गिरोह के एक लाख के ईनामी बदमाश अरशद अपने साथियों के साथ सफेद रंग की ब्रेजा गाडी में सवार होकर हरियाणा से झिंझाना क्षेत्र के बिडौली होते हुए चौसाना में किसी वारदात को अंजाम देने के लिए पहुंचने वाला है। इस सूचना पर एसटीएफ टीम के उप निरीक्षक प्रमोद कुमार, निरीक्षक सुनील कुमार अपनी टीम के साथ मेरठ पुलिस लाइन कार्यालय से बदमाशों की तलाश में निकल पडे। देर रात करीब 11 बजे वे बिडौली-चौसाना चौराहे पर पहुंच गए, इसी दौरान हरियाणा की ओर से एक सफेद रंग की ब्रेजा कार आती दिखाई दी। एसटीएफ की टीम ने जैसे ही ब्रेजा कार को रुकने का इशारा किया तो कार में सवार बदमाशों ने कार को तेजी से दौडा दिया। पुलिस टीम ने भी बदमाशों का पीछा शुरू कर दिया। बदमाशों की कार ऊदपुर भट्टे के पास जाकर रुक गयी जिसके बाद कार सवारों ने टीम पर फायरिंग शुरू कर दी, पुलिस टीम ने भी जवाबी फायरिंग की जिसमें कार सवार तीन बदमाश घायल हो गए। वहीं एक बदमाश फायरिंग करता हुआ चौसाना की तरफ भाग निकला जो बाद में सडक किनारे घायल पडा मिला। पुलिस द्वारा चारों घायल बदमाशों को आनन फानन में उपचार के लिए चिकित्सालय ले जाया गया जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। मृतकों में एक लाख का ईनामी बदमाश अरशद पुत्र जमील निवासी बाढी माजरा थाना गंगोह जनपद सहारनपुर, मंजीत उर्फ ढिल्ला उर्फ जुबैर पुत्र महताब निवासी गांव रोहट थाना खरखौदा जनपद सोनीपत हरियाणा, सतीश पुत्र राजसिंह निवासी अशोक विहार थाना मधुबन जिला करनाल हरियाणा व एक अज्ञात बदमाश शामिल है जिसकी शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे हैं। बदमाशों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। मुठभेड में एसटीएफ का एक इंसपेक्टर सुनील कुमार भी घायल हो गया, जिसे उपचार के करनाल के अमृतधारा अस्पताल में भर्ती कराया गया, लेकिन बाद में बेहतर इलाज के लिए गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल रेफर कर दिया गया। पुलिस ने मौके से पिस्टल कारबाइन, भारी मात्रा में कारतूस व ब्रेजा कार भी बरामद किए हैं। इस संबंध में एसटीएफ मेरठ यूनिट के उप निरीक्षक प्रमोद कुमार ने मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# जेल से बाहर आने के बाद से लगातार कर रहे थे आपराधिक घटनाएं: अजय साहनी

## दो माह पूर्व सहारनपुर में डकैती व चिकित्सक के यहां किया था लूट का प्रयास

**एनपीटी संवाददाता**

**शामली।** एसटीएफ मेरठ द्वारा झिंझाना क्षेत्र में एक लाख के ईनामी बदमाश अरशद सहित चार बदमाशों को मुठभेड में ढेर करने की सूचना के बाद डीआईजी सहारनपुर अजय साहनी शामली एसपी रामसेवक गौतम के साथ मौके पर पहुंच गए तथा घटना की जानकारी ली। उन्होंने बताया कि एसटीएफ मेरठ की टीम को कुछ बदमाशों के बारे में सूचना मिली थी, हरियाणा की तरफ से आए कार सवारों ने एसटीएफ व पुलिस पर गोलियां चलाई जिसके बाद आत्मरक्षा में चलाई गयी गोली में चार बदमाश मारे गए। मरने वाले बदमाशों में एक लाख का ईनामी बदमाश अरशद है,दो बदमाश ऐसे हैं जिन्होंने दो माह पूर्व सहारनपुर में डकैती व एक चिकित्सक के यहां लूट के प्रयास की घटना की थी। बदमाशों के पास से एक कारबाइन, दो पिस्टल, कारतूस, पोनिया बंदूक बरामद हुई है। डीआईजी ने बताया कि अरशद और मंजीत पिछले साल जून में जेल से बाहर आए थे और उसके बाद लगातार घटनाएं कर रहे थे। पहले ये बदमाश कग्गा गैंग से जुडे थे, उसके बाद वे मुकीम काला गिरोह में काम कर रहे थे। मुकीम काला के मारे जाने के बाद अरशद पूरे गैंग को संचालित कर रहा था। अज्ञात बदमाश की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं।

> एसटीएफ मेरठ व पुलिस से मुठभेड में चार बदमाश मारे गए हैं, मारे गए बदमाशों में एक बदमाश अरशद पर एक लाख रुपये का ईनाम घोषित था जो कग्गा गैंग का संचालन कर रहा था। बदमाशों के पास से कारबाइन, पिस्टल, कारतूस व ब्रेजा गाडी बरामद हुई है, वहीं अज्ञात बदमाश की शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे हैं।
> **-अजय साहनी,** डीआईजी सहारनपुर



# सड़क हादसे में सर्राफा व्यापारी के बेटे की मौत

■ टायर फटने के बाद पलट गई थी कार, मृतक के भाई समेत चार युवक हुए घायल



**एनपीटी संवाददाता**

**कैराना।** हाईवे पर टायर फटने के बाद एक कार असंतुलित होकर खंभे से टकराकर पलट गई। हादसे में सरार्फा व्यापारी के बेटे की मौत हो गई, जबकि मृतक के भाई समेत चार युवक घायल हो गए। हादसे से परिजनों में कोहराम मच गया। परिजन बिना पुलिस कार्रवाई के शव को अपनी पैतृक शहर नकुड़ ले गए।

सहारनपुर जिले के नकुड़ निवासी इरशाद उर्फ भुरू करीब दो दशक पहले परिवार समेत कैराना के पुराना बाजार में आकर रहने लगा था। यहां उसकी ज्वैलरी की दुकान है। सोमवार रात करीब दस बजे इरशाद का 23 वर्षीय पुत्र अनस कार द्वारा शामली में दावत में जा रहा था। कार अनस का बड़ा भाई अरशद चला रहा था। इसके अलावा कार में परिवार के तीन अन्य युवक भी सवार थे। बताया जा रहा है कि शामली रोड पर हाईवे के मन्नामाजरा प्लाईओवर के निकट कार का अचानक टायर फट गया और असंतुलित होकर सड़क किनारे खंभे में टकराने के बाद खेत में जाकर पलट गई। हादसे में अनस की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि अरशद और तीनों युवक घायल हो गए।। सूचना पर पुलिस और परिजन मौके पर पहुंचे तथा चारों घायलों को शामली प्राइवेट अस्पताल पहुंचाया। जहां उनकी हालत खतरे से बाहर है। वहीं, हादसे की सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया। परिजन बिना पुलिस कार्रवाई के शव को अपने साथ पैतृक शहर नकुड़ ले गए।

## संक्षेप समाचार :

### विवादित प्लॉट पर कब्जे करने के प्रयास का आरोप

कैराना। युवक ने विवादित प्लॉट पर दूसरे पक्ष के द्वारा अवैध कब्जे के प्रयास का आरोप लगाया है।मंगलवार को मौहल्ला अंसारियान निवासी सलीम ने कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि मौहल्ले में ही यावर कॉम्पलेक्स के सामने उसका दादइलाही मुश्तरका खाली प्लॉट मौजूद है। जिसके बंटवारे के लिए न्यायालय में मुकदमा विचाराधीन है। युवक ने आरोप लगाया कि दूसरा पक्ष उक्त प्लॉट पर जबरदस्ती नाजायज। रूप से कब्जा करना चाहता है। उसके द्वारा उन्हें मना किया गया तो आरोपियों ने धमकी दी। युवक ने विवादित प्लॉट पर अवैध रूप से कब्जा करने के प्रयास करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई करने की मांग की है।

### मां–बेटे और मामा के साथ की मारपीट

कैराना। विवाद के चलते आरोपियों ने मां–बेटे और मामा के साथ मारपीट कर घायल कर दिया गया। पुलिस ने घायलों का मेडिकल कराकर कार्रवाई शुरू कर दी है। सोमवार रात करीब नौ बजे मोहल्ला दरबारखुर्द रेतावाला निवासी सुहैल अपनी मां मोमिना व मामा सुहैब के साथ अपने घर पर बैठा था। आरोप है कि उनके यहां आए सुहैब के भाई के ससुराल वाले घर में घुस आए। आरोपियों ने गाली–गलौज करते हुए लाठी–डंडों से मारपीट की, जिसमें तीनों घायल हो गए। बाद में आरोपी धमकी देते हुए फरार हो गए। पुलिस ने घायलों का सीएचसी में मेडिकल कराते हुए कार्रवाई शुरू कर दी है।

### शराब के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

कैराना। पुलिस ने चेकिंग के दौरान झाड़खेड़ी रोड से गुलफाम निवासी मोहल्ला खैलकलां को गिरफ्तार किया, जिसके कब्जे से 16 पाउस देशी शराब बरामद हुए। उधर, कांधला रोड से आलम निवासी गांव मवी को पांच लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर चालान कर दिया।

### होमगार्ड की बाइक हुई चोरी

कांधला। क्षेत्र के गांव नाला निवासी जसबीर सिंह होमगार्ड के पद पर कार्यरत है। वर्तमान में जसबीर शामली कोतवाली में ड्यूटी पर तैनात है। सोमवार को होमगार्ड शामली ड्यूटी पर जा रहा था। जैसे ही वह दिल्ली नेशनल हाईवे स्थित पेट्रोल पंप पर पहुँचा तो वह दिशा शौच के लिए पेट्रोल पंप स्थित शौचालय चला गया। कुछ देर बाद लौटकर आया तो उसकी बाइक चोरी हो चुकी थी। बाइक गायब देख उसके होश उड़ गए और उसने हाईवे किनारे लगे सीसीटीवी कैमरो की मदद से उसकी खोजबीन करने की कोशिश की लेकिन देरशाम तक उसका सुराग नहीं लग सका है। पीड़ित होमगार्ड के मुताबिक बाइक में लगे थैले में पीड़ित का मोबाइल भी रखा हुआ था। पुलिस बाइक चोर की तलाश कर रही है।

### दीवार के विवाद को लेकर परिवार से मारपीट

शामली। बाबरी के गांव कैडी निवासी विनोद कुमार ने बाबरी थाने पर तहरीर देते हुए बताया कि उनका अपने पडौसी जोगेन्द्र से दीवार को लेकर विवाद चल रहा है। पीडित का आरोप है कि 17 जनवरी को इसी विवाद के चलते पडौसी जोगेन्द्र, ओमप्रकाश व जगमोहन पुत्रगण किशन, सचिव, कल्लू व गौरव पुत्रगण अशोक ने उनके साथ लाठी, डंडों व पलकटी से मारपीट की जिसमें विनोद, प्रवीण, रूबी, अमित व रोहित गंभीर रूप से घायल हो गए। शोर शराबा होने पर आरोपित फरार हो गए। पीडित ने पुलिस से कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### नगर पंचायत कर्मियों को गर्म वर्दी का वितरण

शामली। नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी एवं अध्यक्षा प्रतिनिधि ने पंचायत कर्मचारियों को गर्म वर्दी का वितरण किया। जानकारी के अनुसार मंगलवार को नगर पंचायत बनत के अधिशासी अधिकारी देवकीनंदन, अध्यक्षा प्रतिनिधि धर्मवीर सिंह सहित ओमसिंह कश्यप, ओमकुमार कौशिक व सभासदों ने नगर पंचायत कर्मचारियों को ठंड के मौसम को देखते हुए गर्म वर्दी का वितरण किया।

# बिडौली में कुख्यात कग्गा ने की थी पुलिसकर्मी सचिन की हत्या



शामली। मुस्तफा उर्फ कग्गा ने थाना क्षेत्र में भी 2009 में मंसूरा निवासी हारुन उर्फ लाड्डा जिसकी शादी कग्गा के गांव बाढी माजरा में हुई थी जिसको कग्गा ने अपनी पुलिस की मुखबिरी करने के शक में अपने साथियों के साथ मिलकर मंसूरा के पास गांव रोटन में गोली मारकर हत्या कर दी थी। जिसके बाद मृतक के भाई रुकमदीन पुत्र किताबू द्वारा अपने भाई की हत्या करने के मामले में साजिद उर्फ लाल्ला पुत्र कमरुद्दीन निवासी मंसूरा व मुस्तफा उर्फ कग्गा पुत्र जाहिद निवासी बाढी माजरा के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था लेकिन तभी से कग्गा रुकमदीन की भी हत्या के प्रयास में लग गया। जिसके बाद पांच जौलाई 2011 में बिडौली चौकपोस्ट पर पुलिस को कग्गे के आने की सूचना मिली थी। जिसमें कार बदमाश कग्गा को जब पुलिस ने चैकिंग के लिए रोका तो कग्गे ने पुलिस पर फायरिंग कर दी थी। जिसमें एक सिपाही सचिन करनावल गोली लगने से मौत हो गयी थी। वहीं रुकमदीन भी घायल हो गया था। मामले में निरीक्षक जितेन्द्र कुमार द्वारा मुस्तफा उर्फ कग्गा, महताब, मुजाहिरा के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था जिसके बाद कग्गे का आतंक बढ़ने लगा ओर पुलिस ने फिर कुछ समय बाद ही कग्गे को ढेर कर दिया था।

# दो लाख व बुलेट बाइक न मिलने पर विवाहिता से मारपीट

## मायके में आकर भी की मारपीट, घर में तोडफोड, ससुरालियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**एनपीटी संवाददाता**

**शामली।** एसटीएफ शहर के मौहल्ला दयानंदनगर निवासी एक विवाहिता ने अपने ससुरालियों पर अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर मारपीट कर घर से निकालने व मायके में आकर बुरी तरह मारपीट व घर में तोड़फोड़ का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया है। जानकारी के अनुसार मौहल्ला दयानंदनगर निवासी गार्गी ने महिला थाने पर तहरीर देते हुए बताया कि उसकी शादी 2019 में अमित पुत्र मांगेराम निवासी राजीव नगर दिल्ली के साथ हुई थी। शादी में उसके परिजनों ने अपनी सामर्थ्य के अनुसार दान दहेज भी दिया था लेकिन शादी के थोडे दिन बाद ही ससुरालिये कम दहेज लाने की बात कहकर उसका उत्पीडन करने लगे तथा अतिरिक्त दहेज में दो लाख रुपये व एक बुलेट मोटर साइकिल की मांग की। जब उसने इसका विरोध किया तो ससुरालियों ने उसके साथ मारपीट करने लगे। इसी दौरान उसे एक पुत्र भी हुआ। बच्चा होने के बाद उसके परिजनों ने काफी सामान भी दिया लेकिन ससुरालिये इससे संतुष्ट नहीं हुए। पीडिता का आरोप है कि उसका जेठ व ननदोई भी उसके साथ अश्लील हरकते करते हैं। आरोप है कि दहेज की मांग पूरी न होने पर ससुरालियों ने उसे घर से बाहर निकाल दिया जिसके बाद वह अपने मायके में रहने लगी। गार्गी का आरोप है कि एक दिन वह अपनी मां के साथ घर में मौजूद थी तभी पति अमित, सास मुकेश, जेठ, अनुज, ननद मोनिका, पितसरा बिल्लू वहां आए तथा दो लाख रुपये व बुलेट की मांग की, जब उसने व उसकी मां ने दहेज देने से इंकार किया तो उक्त लोगों ने उनके साथ गाली गलौच व मारपीट करते हुए घर में भी तोडफोड की तथा दहेज न देने पर तलाक देने की भी धमकी दी। पीडिता ने पुलिस से कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर पति सहित अन्य ससुरालियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# खेत को खुर्द बुर्द करने के विरोध पर की मारपीट, फायरिंग

**एनपीटी संवाददाता**

**शामली।** एसटीएफ कोतवाली क्षेत्र के गांव बुटराडी निवासी एक ग्रामीण ने गांव के ही दंपत्ति पर उसके खेत को खुर्द बुर्द करने व विरोध करने पर मारपीट व जान से मारने की नीयत से पिस्टल से फायर करने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया है। जानकारी के अनुसार क्षेत्र के गांव बुटराडी निवासी सतपाल ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि विगत दिवस उसके पुत्र अंकित व राहुल अपने खेत में गेहूं की फसल देखने के लिए गए तो गांव का ही वेदसिंह पुत्र रामदिया व उसकी पत्नी बिमलेश उसके खेत को फावडे से खुर्द बुर्द कर रहे थे। जब उसके पुत्रों ने उनका विरोध किया तो पति पत्नी ने उन्हें पकड लिया तथा अंकित पर जान से मारने की नीयत से पिस्टल से फायर कर दिया जिसमें वह बाल बाल बच गया। अंकित ने किसी तरह अपनी जान बचाई लेकिन आरोपितों ने उसके पुत्र राहुल के साथ बुरी तरह मारपीट की। शोर शराबा होने पर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे तथा पुलिस को मामले की सूचना दी जिसके बाद पुलिस भी मौके पर पहुंची लेकिन आरोपी फरार हो गए। पुलिस ने पीडित की तहरीर पर वेदसिंह व उसकी पत्नी बिमलेश के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# आयकर व जीएसटी में पंजीकृत व्यापारियों के परिवारों के बने आयुष्मान कार्ड

## दैनिक वस्तुओं पर जीएसटी समाप्त करने, व्यापारियों का उत्पीडन रोकने की मांग

**एनपीटी संवाददाता**



**शामली।** उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल ने आगामी बजट में आयकर व जीएसटी में पंजीकृत सभी व्यापारियों के परिवारों का आयुष्मान कार्ड बनाए जाने सहित कई मांगों को लेकर केन्द्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण को ज्ञापन भेजा है। उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के जिलाध्यक्ष राजकुमार वर्मा के नेतृत्व में व्यापारियों ने केन्द्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण को संबोधित एक ज्ञापन एसडीएम सदर को सौंपा। ज्ञापन में आगामी बजट में आयकर व जीएसजी में पंजीकृत सभी व्यापारियों के परिवारों के आयुष्मान कार्ड बनाए जाने, व्यापारियों को दस लाख रुपये का स्वास्थ्य सुरक्षा कार्ड प्रदान करने, जीएसटी में पंजीकृत 60 वर्ष से अधिक आयु के व्यापारियों को पेंशन दिलाने, जीएसटीके विभिन्न स्लेब्स हटाकर केवल तीन स्लैब रखने, 28 प्रतिशत जीएसटी से अनावश्यक बोझ बढ रहा है, इसे समाप्त करने, आयकर में छूट की सीमा 10 लाख करने, प्रत्येक आयकरदाता को दस लाख रुपये का व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा प्रदान करने, व्यापारियों का उत्पीडन रोकने, कंपनी व पार्टनरशिप फर्म को एक ही टैक्स स्लैब के दायरे में लाने, जीएसटी में सजा का प्रावधान खत्म करने, आवश्यक दैनिक वस्तुओं अनाज, मसाले, दूध उत्पाद तथा दवाईयों पर जीएसटी खत्म करने की मांग की गयी है। इस मौके पर नगर अध्यक्ष अंकित जैन, पीयूष वर्मा, आकाश गुप्ता, गौरव रुहेला, सुशील चौहान, विकास वर्मा, आशू गर्ग मौजूद रहे।

# कार्रवाई न होने पर मकान पर चस्पा किया पलायन का पोस्टर

## आनन फानन में पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए दो लोगों को गिरफ्तार कर शांति भंग में जेल भेजा

**एनपीटी संवाददाता**

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव गंगेरू निवासी दंपति के साथ गांव के ही लोगों द्वारा जमकर मारपीट की थी। पीड़ित ने स्थानीय थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की थी। कई दिन बीत जाने के बाद पुलिस कार्रवाई से असंतुष्ट पीड़ित दंपति ने घर के बाहर पलायन के पोस्टर चस्पा कर दिया है। आनन फानन में पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए दो लोगों को गिरफ्तार कर शांति भंग में जेल भेज दिया है।



थाना क्षेत्र के गांव गंगेरू निवासी सुभाष ने कई दिन पहले थाने पर तहरीर देते हुए आरोप लगाया था कि गांव के ही कई लोगों ने अपनी दबंगई दिखाते हुए उसकी भूमि एवं चकरौड पर कब्जा कर रखा था। पीड़ित ने अपनी भूमि और चकरौड को कब्जा मुक्त कराने के लिए उप जिलाधिकारी कैराना को एक लिखित में शिकायती पत्र दिया था। उप जिलाधिकारी के आदेश पर गत दिवस शुक्रवार को नायब तहसीलदार राहुल सिंह, कानूनगो एवं लेखपाल सहित पुलिस टीम के साथ पीड़ित की शिकायत पर जांच करने के लिए पहुंचे थे। टीम ने जांच के दौरान दबंगों द्वारा भूमि एवं चकरौड पर कब्जा पाया था। राजस्व विभाग की टीम पैमाइश कर निशानदेही कर चली गई थी। पीड़ित का आरोप है कि दबंगों ने टीम के जाने के बाद पीड़ित के घर पर आकर लाठी डंडों व धारदार हथियारों से हमला बोलते हुए जमकर मारपीट की थी। दबंगों के द्वारा की गई मारपीट में पीड़ित एवं उसकी पत्नी सीमा गंभीर रूप से घायल हो गई थी। शोर शराबा होने पर आरोपी पीड़ित व उसकी पत्नी को जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए थे। परिवार के अन्य लोगों ने पति-पत्नी को घायल अवस्था में उपचार के लिए कस्बा स्थित सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया था। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर अवस्था में जिला अस्पताल रेफर कर दिया था। पीड़ितो ने अपना डाक्टरी परीक्षण कराने के बाद थाने पर तहरीर देते हुए कार्रवाई की मांग की थी। पुलिस के द्वारा मामले में कार्रवाई न किए जाने से नाराज सुभाष ने मंगलवार को अपने मकान के पर ताला लगाकर पलायन का पोस्टर लगा दिया। मकान पर पलायन का पोस्टर लगने के बाद पुलिस प्रशासन में हड़कंप मच गया। आनन फानन में पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए अशोक व सतीश पुत्र सिताब सिंह निवासी गंगेरू को गिरफ्तार कर शांति भंग की धारा में जेल भेज दिया है। मामले में थाना प्रभारी निरीक्षक क्षितिज कुमार सिंह का कहना है कि दोनों पक्ष एक ही समाज के लोग हैं। पलायन जैसा कोई मामला नहीं है। मामले में मुकदमा पंजीकृत हैं। दो लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।




## भारतीय जनता पार्टी ने मंगलवार को 'संकल्प पत्र' को जारी किया

# KG से PG तक मुफ्त शिक्षा, ऑटो-टैक्सी चालकों के लिए बनेगा बोर्ड, घरेलू कामगारों को फायदा

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**



नई दिल्ली। दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी ने मंगलवार को 'संकल्प पत्र' को जारी किया। भाजपा तीन चरणों में संकल्प पत्र जारी कर रही है। आज दूसरा भाग जारी किया गया है। जिसमें दिल्ली की जनता से कई वादे किए गए हैं। संकल्प पत्र के दूसरे भाग को पूर्व केंद्रीय मंत्री और भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने जारी किया है।

भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने कहा कि दिल्ली के युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए 15,000 रुपये की एकमुश्त वित्तीय सहायता दी जाएगी। दो बार की यात्रा और आवेदन शुल्क की प्रतिपूर्ति भी होगी। यह मोदी की गारंटी है। जब हम विकसित भारत की कल्पना करते हैं, तो विकसित दिल्ली की एक अहम भूमिका है। विकसित दिल्ली संकल्प पत्र 2025 के संबंध में राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने आपके सामने पहले अपनी बात रखी थी, आज उसके दूसरे भाग को लेकर मैं आप सबके सामने आया हूं।आगे कहा कि हमारी सरकार बनने पर हम स्वास्थ्य, यातायात, बिजली, पानी और परिवहन आदि से जुड़ी समस्याओं का हल करेंगे। दिल्ली वालों को बेहतर आज और बेहतर कल देने का प्रयास करेंगे। भाजपा की जहां भी सरकारें रही, जन-कल्याण उनकी प्राथमिकता और केंद्र बिंदु रहा। केंद्र सरकार में भी हमने राज्यों के सहयोग से नागरिकों की समस्याओं का जहां समाधान किया, वहीं पर उनको सुविधाएं भी दी। पिछले 10 वर्षों में भाजपा सरकार ने दलालों को खत्म कर दिया है। डीबीटी के माध्यम से जन-कल्याणकारी योजनाओं को लागू किया। भ्रष्टाचार के प्रति मोदी सरकार की नीति जीरो टॉलरेंस की है। दिल्ली के सरकारी शिक्षण संस्थानों में दिल्ली के जरूरतमंद छात्रों को केजी से पीजी तक मुफ्त शिक्षा उपलब्ध कराई जाएगी।

**भाजपा का संकल्प पत्र पार्ट-2 की घोषणाएं**

जरूरतमंद छात्रों को KG से PG तक मुफ्त शिक्षा
एससी छात्रों को हर महीने एक हजार रुपये की मदद
ऑटो-टैक्सी वालों के लिए वेलफेयर बोर्ड
युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए 15 हजार रुपये की मदद
दो बार के यात्रा और आवेदन शुल्क की प्रतिपूर्ति का भी वादा

**भाजपा का संकल्प पत्र पार्ट-1 की घोषणाएं**

दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा के अध्यक्ष जेपी नड्डा ने संकल्प पत्र (घोषणा पत्र) जारी किया था। उन्होंने दिल्ली वासियों से वादा कि दिल्ली में जन कल्याण की चल रहीं वर्तमान योजनाएं उनकी सरकार (भाजपा) बनने के बाद भी जारी रहेंगी। योजनाओं से जुड़ी सुविधाओं को मजबूत और उनमें सुधार किया जाएगा। उनको भ्रष्टाचार मुक्त भी किया जाएगा। भाजपा का संकल्प पत्र तीन चरणों में लागू होगा।

### भाजपा के पहले संकल्प पत्र की बड़ी घोषणाएं

- महिला समृद्धि योजना के तहत प्रति महीने महिलाओं को 2500 दिए जाएंगे
- गरीब महिलाओं को गैस सिलेंडर में ?500 की सब्सिडी दी जाएगी
- गरीब परिवारों को होली और दिवाली पर एक सिलेंडर मुक्त दिया जाएगा
- गर्भवती महिलाओं को ?21000 दिए जाएंगे
- 70 साल से अधिक आयु के लोगों को 10 लाख रुपये का बीमा कवर दिया जाएगा
- 60 से 70 साल के लोगों की पेंशन में ?500 की बढ़ोतरी की जाएगी।
- 70 साल से अधिक उम्र के लोगों और दिव्यांग व विधवा महिलाओं को 2500 के बजाय 3000 पेंशन दी जाएगी
- दिल्ली में अटल कैंटीन योजना लॉन्च की जाएगी, इसके तहत झुग्गी झोपड़ी इलाके में ?5 में भोजन उपलब्ध कराया जाएगा

### आम आदमी पार्टी की बड़ी घोषणाएं-

- छात्रों को डीटीसी बसों में यात्रा फ्री। केंद्र की मदद से मेट्रो के किराए में 50% की छूट
- 200 यूनिट मुफ्त बिजली, पानी, महिलाओं को डीटीसी की बसों में मुफ्त यात्रा जारी रहेंगी।
- महिलाओं को 2100 रुपये हर महीने की आर्थिक सहायता।
- बुजुर्गों के लिए पेंशन की व्यवस्था
- पुजारियों-ग्रंथियों को हर महीने 18,000 रुपये की आर्थिक मदद।
- संजीवनी योजना के तहत 60 वर्ष से ऊपर के सभी बुजुर्गों को इलाज की सुविधा।

# आतिशी का EC को पत्र, रमेश बिधूड़ी के भतीजे पर लगाया गंभीर आरोप, कर दी फोर्स की मांग

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

**नई दिल्ली** । आतिशी ने ट्वीट कर लिखा है, कालकाजी में हार के डर से रमेश बिधूड़ी जी के भतीजे और रिश्तेदार गुंडागर्दी पर उतर आए। कल (सोमवार) शाम को भाजपा वालों ने आम आदमी पार्टी के कार्यकताओं को डराया, धमकाया और जोर-जबरदस्ती की।

दिल्ली की मौजूदा मुख्यमंत्री और कालकाजी से आम आदमी पार्टी की उम्मीदवार आतिशी ने मंगलवार को चुनाव आयोग को पत्र लिख भाजपा प्रत्याशी रमेश बिधूड़ी के भतीजे पर मारपीट करने और धमकाने का आरोप लगाया है। आतिशी ने ट्वीट कर लिखा है, कालकाजी में हार के डर से रमेश बिधूड़ी जी के भतीजे और रिश्तेदार गुंडागर्दी पर उतर आए। कल (सोमवार) शाम को भाजपा वालों ने आम आदमी पार्टी के कार्यकताओं को डराया, धमकाया और जोर-जबरदस्ती की। कई महिला कार्यकताओं के साथ भी बदतमीजी की। चुनाव अधिकारियों को चिट्ठी लिख कर इन गुंडों पर कार्यवाही की मांग की है। साथ ही कालकाजी विधान सभा क्षेत्र में पैरा-मिलिट्री फोर्स की तैनाती के लिए कहा है।




**आतिशी ने पत्र में क्या लिखा...**

मैं यह पत्र औपचारिक रूप से आपके ध्यान में लाने के लिए लिख रहा हूं कि 20 जनवरी 2025 को गली नंबर 1, गोविंदपुरी, कालकाजी में आप कार्यकताओं को डराने-धमकाने की घटना हुई। रेखा बस्सी, संजय गुप्ता, मणि मंटा, आराधना, सुनीता पांडे, शेर सिंह, हरि शंकर गुप्ता और अन्य सहित आप कार्यकताओं को कुछ भाजपा कार्यकताओं द्वारा मौखिक और शारीरिक रूप से धमकाया गया।

'घर बैठ जाओ, हाथ पैर टूट जाएंगे' कुणाल भारद्वाज, मनीष, ऋषभ बिधूड़ी (जो भाजपा उम्मीदवार श्री रमेश बिधूड़ी के भतीजे हैं) सहित भाजपा सदस्यों ने संजय गुप्ता और अन्य लोगों को धमकाया, गालियां दीं, उनका कॉलर पकड़ा और शारीरिक नुकसान पहुंचाने की धमकी दी। खास बयानों में शामिल थे ₹घर बैठ जाओ, हाथ पैर टूट जाएंगे, यह हमारे घर का चुनाव है।₹ वहां मौजूद आप कार्यकताओं ने विवाद का एक हिस्सा रिकॉर्ड कर लिया। इसी तरह का विवाद 3-4 दिन पहले हुआ था, जहां भाजपा कार्यकर्ता ने डोर-टू-डोर प्रचार कर रहे आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता को थप्पड़ मार दिया था।

नहीं हो रही कोई कार्रवाई

भाजपा प्रत्याशी रमेश बिधूड़ी चुनाव प्रचार के दौरान मेरे बारे में सार्वजनिक रूप से अभद्र और अपमानजनक बयान दे रहे हैं। मीडिया में रिपोर्ट आने के बावजूद उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई है। इससे यह संकेत मिल रहा है कि भाजपा नेताओं और कार्यकताओं द्वारा की गई बदसलूकी पर कोई कार्रवाई नहीं होगी। यही कारण है कि यह हिंसा और धमकी शुरू हुई है। ये भाजपा कार्यकर्ता बिना किसी डर के खुलेआम आप कार्यकताओं को धमका रहे हैं। यह चिंताजनक है कि अगर ये कार्यकर्ता आप कार्यकताओं के साथ इतने आक्रामक हो रहे हैं, तो कोई भी कल्पना कर सकता है कि इन इलाकों में रहने वाले मतदाताओं पर इनका कितना प्रभाव होगा।

# आप को लगा तगड़ा झटका, दो पार्षद और पूर्व विधायक भाजपा में हुए शामिल

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

**नई दिल्ली** । भजनपुरा से निगम पार्षद रेखा रानी और ख्याला से पार्षद शिल्पा कौर बीजेपी में शामिल हुईं। इसके साथ ही 2015-20 में घोंडा से विधायक रहे श्रीदत्त शर्मा ने भी अअढ को अलविदा कह दिया। उन्होंने भाजपा का दामन थाम लिया है।

दिल्ली विधानसभा चुनाव को लेकर राजधानी में सियासी हलचल जारी है। इन सबके बीत आम आदमी पार्टी को बड़ा झटका लगा है। आप के दो पार्षद, पूर्व विधायक बीजेपी में शामिल हो गए हैं। भजनपुरा से निगम पार्षद रेखा रानी और ख्याला से पार्षद शिल्पा कौर बीजेपी में शामिल हुईं। इसके साथ ही 2015-20 में घोंडा से विधायक रहे श्रीदत्त शर्मा ने भी अअढ को अलविदा कह दिया। उन्होंने भाजपा का दामन थाम लिया है। वहीं, संजय सिंह के सांसद प्रतिनिधि चौधरी विजेंद्र भी बीजेपी में शामिल हो गए।



ये नेता पार्टी में हर्ष मल्होत्रा, मनोज तिवारी और कमलजीत सहरावत की मौजूदगी में शामिल हुए। इससे पहले आम आदमी पार्टी (आप) के कई नेता और सदस्य प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा की मौजूदगी में भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गए। मॉडल टाउन विधानसभा के कमला नगर वार्ड से दो बार चुनाव लड़ चुके कपिल नागर बीजेपी में शामिल हो गए। उनके साथ आम आदमी पार्टी के 100 से ज्यादा कार्यकर्ता भी बीजेपी में शामिल हुए।

इस बीच, कई अअढ कार्यकर्ता भाजपा के रमेश बिधूड़ी की उपस्थिति में भाजपा में शामिल हो गए, जो दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए कालकाजी विधानसभा से भाजपा के उम्मीदवार हैं। दिल्ली में 5 फरवरी को मतदान होगा और वोटों की गिनती 8 फरवरी को होगी। दिल्ली में सत्तारूढ़ आप, भाजपा और कांग्रेस के बीच त्रिकोणीय मुकाबला होने की संभावना है। दिल्ली में लगातार 15 साल तक सत्ता में रहने वाली कांग्रेस को पिछले दो विधानसभा चुनावों में झटका लगा है और वह

'नेशनल प्रेस टाइम्स'
दैनिक समाचार पत्र में एनसीआर के जनपदों के लिए ब्यूरो चीफ, तहसील ब्यूरो, संवाददाता व मार्केटिंग के लिए इच्छुक लड़के व लड़की सम्पर्क करें।
विज्ञापन, न्यूज, आदि के लिए संपर्क करें।
सुखपाल सिंह (संपादक)
प्रमोद मिश्रा (सह-संपादक)
8448184482
एस.के. राणा (सह-संपादक)
8938805409
पता : 209, द्वितीय तल, दुर्गा चैम्बर, आरडीसी, राजनगर, गाजियाबाद
फोन- 0120-4549844, मो. 9312606107
nationalpresstimes@gmail.com/
www.nationalpresstimes.com
नेशनल प्रेस टाइम्स की तरफ से मुफ्त कानूनी सलाह के लिए सम्पर्क कर सकते हैं।
एडवोकेट आदर्श कुमार राय
(इलाहाबाद हाईकोर्ट)
09415624173

# सोशल कनेक्ट ने गार्डन गैलरिया - वातावरण में ऑल-लेडीज सालसा नाइट का आयोजन किया

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

नोएडा, महिलाओं के लिए बनाए गए एक गतिशील समूह, सोशल कनेक्ट ने गार्डन गैलरिया, वातावरण में एक शानदार ऑल-लेडीज सालसा नाइट का आयोजन किया। यह शाम हंसी, ताल और एकजुटता से भरी रही, जहां विभिन्न क्षेत्रों की महिलाएं एक साथ मिलकर उत्सव और मनोरंजन का आनंद लेने आईं।

इस इवेंट की शुरूआत एक ऊजार्वान सालसा वर्कशॉप से हुई, जिसे विशेषज्ञ प्रशिक्षकों ने संचालित किया। इसमें प्रतिभागियों को अपने डांस मूव्स सीखने और निखारने का मौका मिला। जोशीले संगीत और चमकदार माहौल के साथ, डांस फ्लोर



उत्साह और खुशियों से झूम उठा।

टीना सिंह, मीनाक्षी नरूला, और पारिधि सिंह द्वारा आयोजित इस इवेंट को जबरदस्त सफलता मिली। इसने सभी उपस्थित महिलाओं को एक अविस्मरणीय अनुभव दिया। डांसिंग के साथ-साथ, यहां महिलाओं को एक सहायक और स्वागतपूर्ण वातावरण में समान विचारधारा वाली महिलाओं से जुड़ने का मौका मिला। इस शाम में रिफ्रेशमेंट, फोटो और मजेदार गतिविधियां भी शामिल थीं, जो इसे एक संपूर्ण उत्सव बना रहीं। हमेशा ऐसे अनोखे इवेंट्स लाता है जो न केवल मनोरंजन करते हैं बल्कि महिलाओं के बीच संबंधों को भी मजबूत करते हैं,₹ एक प्रतिभागी ने साझा किया।यह सालसा नाइट के उद्देश्य को दशार्ती है, जो अपने सदस्यों के लिए अर्थपूर्ण और आनंददायक अनुभवों का सृजन करना है।

# देश के संसाधनो पर पहला अधिकार शहीदों और दिव्यांगों का- कर्नल टीपी त्यागी

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

गाजियाबाद। मंगलवार को महानगर के एक अथक प्रयास स्पेशल स्कूल , एन एच 24 बमहेटा , अंडर पास , नियर ओम साई फार्म हाउस , में दिव्यांग बच्चों को सम्मानित करने के लिए एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें राष्ट्रीय सैनिक संस्था की नगर इकाई की महिला विंग की अध्यक्षा अंजु शर्मा के नेतृत्व में 13 दिव्यांग ( अथर्व , ईशान , शिव गर्ग , वैभव , अनुराग , सार्थक , वाशु , दर्श , अर्पित , आश्विन , अधविक , सिधार्थ , नेनसी ) बच्चों को संस्था की ओर से प्रशस्ति पत्र, मेडल और उपहार भेंट किए गए। यह जानकारी राष्ट्रीय सैनिक संस्था के गाजियाबाद के मीडिया प्रभारी गौरव बंसल ने दी। इस कार्यक्रम में मौजूद राष्ट्रीय सैनिक संस्था के राष्ट्रीयअध्यक्ष वीर चक्र प्राप्त कर्नल त्यागी ने कहा कि प्रत्येक दिव्यांग में कुछ ऐसा विशेष होता है जो आम व्यक्ति में नहीं होता है। दिव्यांगों के कौशल को पहचानने और उसे निखारकर प्रदर्शित करने की आवश्यकता है। भारत सरकार ने तो सभी सरकारी संस्थानो में दिव्यांगों के लिए अलग से आरक्षण की व्यवस्था की है। उन्होंने कहा कि सरकार को व्यवस्था करनी चाहिए कि प्राइवेट संस्थानों में भी दिव्यांगों को अलग से आरक्षण मिले। उन्होंने कहा कि महानगरों के निजी अस्पताल आज नोट छापने की मशीन बनकर रह गए हैं। इन सभी बड़े निजी अस्पतालों में दिव्यांगों की उपस्थिति करीब करीब शून्य है। उन्होंने कहा कि दुख इस बात का है कि अनुरोध करने पर भी ये प्राइवेट संस्थान दिव्यांगों को यह कहकर स्थान नहीं देते कि हमारे यहाँ इनके लायक कोई कार्य नहीं है।



कर्नल त्यागी ने कहा कि देश के संसाधनो पर पहला अधिकार शहीदों और दिव्यांगों के परिवारों का होना चाहिए। किसी देश की पहचान इस बात से भी होती है कि वहाँ के लोग अपने दिव्यांगों और शहीदो के परिवारों की कितनी देख रेख करते है। संस्था के गाजियाबाद के जिला अध्यक्ष ज्ञान सिंह, गणेश दत्त, सी के शर्मा, रमेश कौशिक, मोनिका गोयल, सीमा कुशवाहा, डॉ रिचा भदौरिया,गौरव बंसल ने प्राइवेट संस्थानो में दिव्यांगों के लिए 2% आरक्षण की सिफारिश की।

स्वामी' प्रकाशक, मुद्रक एवं सम्पादक सुखपाल सिंह ने 209, द्वितीय तल, दुर्गा चैम्बर, आरडीसी, राजनगर, गाजियाबाद उत्तर प्रदेश से प्रकाशित एवं पुरराज प्रिंटिंग एंड पैकिंग प्राइवेट लिमिटेड प्रेस ई-19,सेक्टर-6,नोएडा, गौतमबुद्धनगर (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित। RNI No. : UPHIN/2015/64579 मुख्य कार्यालय-209, द्वितीय तल, दुर्गा चैम्बर, आरडीसी, राजनगर, गाजियाबाद। मो. 9312606107, फोन- 0120-4549844, nationalpresstimes@gmail.com/ www.nationalpresstimes.com नोटः- समाचार पत्र से संबंधित किसी भी विवाद के निपटारे के लिए न्याय क्षेत्र गाजियाबाद ही होगा। *पीआरबी अधिनियम के अनुसार समाचार चयन और संपादन के लिए उत्तरदायी। समाचार पत्र में छपने वाले विज्ञापन की सत्य/ असत्य की जानकारी स्वयं करें, किसी भी विज्ञापन की असत्यता की जिम्मेदारी समाचार पत्र की नहीं होगी।